रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 192] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 18, 2006/श्रावण 27, 1928
No. 192] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 18, 2006/SRAVANA 27, 1928

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 अगस्त, 2006

विषय : सिंगापुर से डी (-) पैरा हाइड्राक्सी फिनाइल ग्लाइसीन मिथाइल पोटाशियम डेन सॉल्ट (पीएचपीजी डेन सॉल्ट) के आयातों से संबंधित मामले में मध्यावधि पाटनरोधी समीक्षा जांच–अंतिम जांच परिणाम

क. मामले की पृष्ठभूमि :

सं. 15/13/2005-डीजीएडी.–चूंकि, वर्ष 1995 में यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 तथा सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं का अभिज्ञान, उन पर शुल्क अथवा अतिरिक्त शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात् नियमाबली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए, निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे एतद्पश्चात् नियम कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने दिनांक 24 जून, 2003 की अधिसूचना सं. 14/23/2002-डीजीएडी के माध्यम से अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित किए थे जिनमें चीन जन. गण. तथा सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित डी (-) पैरा हाइड्राक्सी फिनाइल ग्लाइसीन मिथाइल पोटाशियम डेन सॉल्ट (जिसे एतद्पश्चात् संबद्ध वस्तु) के आयात पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा की गई थी। अनंतिम जांच परिणाम दिनांक 1 अक्तूबर, 2002 को जारी किए गए थे और अनंतिम पाटनरोधी शुल्क सीमाशुल्क अधिसूचना 124/2002 के द्वारा 11 नवम्बर, 2002 को अधिसूचित किया गया था ।

और, चूंकि, संबद्ध वस्तुओं पर दिनांक 24 जुलाई, 2003 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 117/2003-सीमाशुल्क द्वारा निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था ।

2. चूंकि, नियमों में प्राधिकारी के लिए पाटनरोधी शुल्क जारी रखने संबंधी जरूरत की समय-समय पर समीक्षा करना अपेक्षित है और यदि प्राधिकारी उनके द्वारा प्राप्त सकारात्मक सूचना के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाते हैं कि ऐसे शुल्क को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है तो प्राधिकारी केन्द्र सरकार को इसे हटाने की

सिफारिश कर सकते हैं । उपर्युक्त प्रावधान के होते हुए भी प्राधिकारी के लिए किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत समीक्षा की जरूरत को प्रमाणित करने वाली सकारात्मक सूचना के आधार पर यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या पाटन को निष्प्रभावी बनाने के लिए शुल्क को लागू रखना आवश्यक है, क्या यदि शुल्क को हटाया जाता है अथवा उसमें परिवर्तन अथवा दोनों किए जाते हैं तो क्षति के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना होगी, बशर्ते कि निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू करने के समय से एक उचित समयावधि बीत गई हो ।

उपर्युक्त प्रावधान के अनुसार उत्पादन और निर्यातक मै. कनेका सिंगापुर कार्पो., सिंगापुर (केएससी) ने लागू पाटनरोधी शुल्क की बदली हुई परिस्थितियों में मध्यावधि समीक्षा के लिए अनुरोध दाखिल किया था ।

3. उत्पादक एवं सिंगापुर से संबद्ध वस्तुओं के निर्यातक मै. केएससी, सिंगापुर ने बदली हुई परिस्थितियों में समीक्षा के लिए निम्नलिखित आधार सूचीबद्ध किए हैं :-

- भारत को केएससी की निर्यात कीमत में अत्यधिक कमी हुई है ।
- सीमाशुल्क को 35% से घटाकर 20% कर दिया गया है ।
- पाटन मार्जिन में अत्यधिक कमी हुई है और इसलिए मूल जांच में निर्धारित बेंचमार्क में तद्नुसार कमी की जानी चाहिए ।
- कच्चे माल की कीमत में अत्यधिक कमी, जिसके कारण सामान्य मूल्य में कमी आयी है, के मद्देनजर उत्पादन लागत में अत्यधिक कमी आयी है ।
- कंपनी द्वारा अर्जित किए गए लाभों में अत्यधिक कमी आयी है जो सामान्य मूल्य में कमी के समान होगी ।

4. बदली हुई परिस्थितियों जिनके कारण लागू उपाय की समीक्षा करना जरूरी हो गया है को दर्शाने वाली आवेदक द्वारा प्रदान की गई सकारात्मक सूचना को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी ने यह माना कि बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर पाटनरोधी शुल्क की उपर्युक्त नियम 2.3 के प्रावधान के अनुसार मध्यावधि समीक्षा करना उपयुक्त है । दिनांक 24.06.2003 की अधिसूचना सं. 14/23/2002-डीजीएडी द्वारा अधिसूचित अंतिम जांच परिणामों की समीक्षा करने का निर्णय लेने के पश्चात प्राधिकारी ने यह समीक्षा करने के लिए कि क्या पाटन को निष्प्रभावी करने के लिए सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित पीएचपीजी डेन साल्ट के आयातों पर लागू शुल्क को जारी रखना आवश्यक है, क्या यदि शुल्क हटा लिया जाता है अथवा उसमें परिवर्तन किया जाता है अथवा दोनों किए जाते हैं तो क्षति के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना होगी, नियमों के अनुसार जांच शुरू की ।

ख <u>प्रक्रिया</u>

5. इस जांच के संबंध में नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का अनुसरण लिया गया है:

(i) समीक्षा शुरू करने के पश्चात प्राधिकारी ने संगत सूचना प्राप्त करने के लिए नियम 6(4)के अनुसार संबद्ध देश में निर्यातकों/उत्पादकों और भारत में घरेलू उद्योग को जांच शुरूआत अधिसूचना के साथ प्रश्नावलियां भेजी थी;

(ii) संबद्ध देश के नई दिल्ली स्थित राजदूतावास को नियम 6(2) के अनुसार इस अनुरोध के साथ कि वे संबंधित देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रश्नावली का जवाब देने की सलाह दें, जांच शुरूआत के संबंध में सूचना दी गई थी ।

(iii) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग करते हुए भारत में संबद्ध वस्तुओं के ज्ञात आयातकों एवं ग्राहकों को प्रश्नावलियां भेजी गई थीं ।

(iv) जांच 01.04.2004 से शुरू होकर 31.3.2005 तक (पीओआई) की अवधि के लिए की गई थी । तथापि, क्षति की जांच वर्ष 2000-01 से जांच अवधि की समाप्ति तक की अवधि के लिए की गई थी ।

(v) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय से पिछले तीन वर्षों और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों के ब्यौरे की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया था । तथापि, इस जांच में डीजीसीआईएंड एस की रिपोर्ट पर विश्वास नहीं किया गया है क्योंकि यह देखा गया था कि निर्यातक द्वारा प्रस्तुत निर्यातों की मात्रा, मात्रा के लिहाज से बहुत अधिक है ।

(vi) मै. कनेका सिंगापुर कार्पो. (केंएससी) और मै. कनेका जापान, जापान (केएनके) के अलावा अधिसूचना के संबंध में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है । जांच की बाद के चरणों में घरेलू उद्योग के अलावा किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने जांच शुरूआत के संबंध में किसी भी तरह से कोई प्रतिक्रियाँ प्रस्तुत नहीं की है ।

(vii) प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के लिए विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अभिव्यक्त सभी विचारों और उनके द्वारा प्रस्तुत सभी निवेदनों पर उनकी संगत सीमा तक विचार किया है ।

(viii) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश को एक सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध कराया जिसे हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुला रखा गया है ।

(ix) प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा वहन की गई क्षति की जांच करने के लिए उनके द्वारा संभव सीमा तक जांच की थी ।

(x) प्राधिकारी ने नियमों के अनुसार सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के लिए संबद्ध समीक्षा हेतु सहयोगी निर्यातक एवं आवेदक के आंकड़ों का भी सत्यापन किया था । सत्यापन के बाद सत्यापन रिपोर्ट की एक प्रति निर्यातकों के पास उनकी टिप्पणियों के लिए भेजी गई थी और प्राप्त टिप्पणियां अंतिम जांच परिणामों में शामिल की गई हैं । अगोपनीय सत्यापन रिपोर्ट की एक प्रति सभी हितबद्ध पार्टियों के सूचनार्थ सार्वजनिक फाइल में भी रखी गई थी ।

(xi) प्राधिकारी ने हितबद्ध पार्टियों की मौखिक सुनवाई करने के लिए 19 जनवरी, 2005 को सार्वजनिक सुनवाई की जिसमें घरेलू उद्योग के प्रतिनेधि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के निर्यातक उपस्थित हुए थे । सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेने वाली पार्टियों से मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों को लिखित में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था । हितबद्ध पार्टियों से प्राप्त लिखित अनुरोधों पर जांच से संगत समझी गई सीमा तक इन जांच परिणामों में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने विचार किया है । उपर्युक्त नियमों के नियम 16 के अनुसार इन परिणामों के लिए विचारित आवश्यक तथ्यों/आधार का हितबद्ध पार्टियों को प्रकटन 17 जुलाई, 2006 को किया गया था और उस पर प्राप्त टिप्पणियों पर अंतिम जांच परिणामों में विधिवत विचार किया गया है ।

(xii) **** यह चिन्ह इस अधिसूचना में हितबद्ध पार्टियों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का द्योतक है और प्राधिकारी ने नियमानुसार उसे गोपनीय ही माना है ।

ग. **विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु**

6. मूल जांच और इस मध्यावधि समीक्षा में शामिल उत्पाद डी (-) पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन मिथाइल पोटेशियम (पीएचपीजी डेन साल्ट) है जो उक्त सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम और आईटीसीएचएस वर्गीकरण की पहली अनुसूची के अध्याय 9 में शीर्ष सं. 2992.00 के अंतर्गत आता है । तथापि यह वर्गीकरण मात्र संकेतिक है और वर्तमान जांच के कार्य क्षेत्र पर किसी भी प्रकार से बाध्यकारी नहीं है । डी (-) पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन मिथाइल पोटेशियम (पीएचपीजी डेन साल्ट) (जिसे ऊपर उल्लिखित समानार्थी शब्दों के अनुसार पढ़ा जाएगा) अर्थात संबद्ध सामग्री (जिसे एतद्पश्चात पीएचपीजीडीसी कहा गया है) का अधिकांशत: भारत में आयात किया जाता है जिसे अमोक्सिलीन और सेफाड्रोक्सिल (अर्थात बल्क औषधियों) के उत्पादन हेतु विभिन्न आयातकों/विनिर्माताओं द्वारा परिवर्तित किया जाता है । यह परिवर्तन या तो पीएचपीजी/पीएचपीजीडीएस के विनिर्माताओं द्वारा या फिर प्रयोक्ताओं अर्थात अमोक्सिलीन आदि के उत्पादकों द्वारा किया जाता है ।

7. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कोई तर्क नहीं दिए गए हैं । जहां तक समान वस्तु का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीएचपीजी डेन साल्ट और संबद्ध देश से आयातित और बेची गई वस्तु में कोई खास अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित पीएचपीजी डेन साल्ट भौतिक विशेषताओं, कार्यों एवं प्रयोगों, विनिर्देशनों, वितरण एवं विपणन, कीमत निर्धारण और वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से तुलनीय हैं । उपभोक्ता संबद्ध देश से आयातित पीएचपीजी डेन साल्ट और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीएचपीजी डेन साल्ट को एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग कर सकते हैं और कर रहे हैं । इस प्रकार घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीएचपीजी डेन साल्ट को सिंगापुर (संबद्ध देश) से आयातित वस्तु के समान घरेलू वस्तु माना जाता है । किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में कोई मुद्दा नहीं उठाया गया है ।

घ. घरेलू उद्योग

8. मूल जांच में याचिका मै. दौराला आर्गेनिक्स लि. दौराला, मेरठ (उ.प्र.) द्वारा दायर की गई थी जिनका विलय अब मै. डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लि. इकाई, दौराला आर्गेनिक्स, दौराला के साथ हो गया है । मै. डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लि. यूनिट : दौराला आर्गेनिक्स, दौराला (जिसे दौराला आर्गेनिक्स भी कहा गया है) भारत में संबद्ध वस्तु का एकमात्र उत्पादक है और उन्होंने समीक्षा जांच का उत्तर घरेलू उद्योग के रूप में दिया है । अत: प्राधिकारी मानते हैं कि मै. डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लि., यूनिट दौराला आर्गेनिक्स, दौराला (डीओएल या दौराला आर्गेनिक्स) घरेलू उद्योग हैं ।

ङ <u>विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क और प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दे</u>

9. घरेलू उद्योग का यह अनुरोध है कि संबद्ध वस्तु डी (-) फिनाइल हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसीन मिथाइल पोटेशियम डेन साल्ट के संबंध में मूल स्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है क्योकि इस मामले पर निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से जून, 2003 में जांच की गई थी । तब से प्रतिवादी कंपनी की स्थिति, जहां तक उनके प्रचालनों का संबंध है, खराब हुई है ।

10. क्षति विश्लेषण से स्पष्ट रूप से पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता का पता चलता है अन्यथा पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति होने की पूरी संभावना है । पहले ही प्रस्तुत क्षति विश्लेषण से उचित जांच में मदद मिलेगी और पीएचपीजीडीएस पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की मध्यावधि समीक्षा के आकलन की आवश्यकता है जिसके संबंध में घरेलू उद्योग का तर्क है कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है कि इस समीक्षा को शुरू किया जाए ।

11. अनुच्छेद 11.2 में पाटनरोधी शुल्क को लगाने की समीक्षा करने के लिए निम्नलिखित तत्व दिए गए हैं :-

(क) जहां आवश्यक हो, प्राधिकारियों द्वारा शुल्क लगाना जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा की जाएगी ।

(ख) ..... किसी हितबद्ध पक्ष के अनुरोध पर, जो समीक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए सकारात्मक जानकारी प्रस्तुत करता है ।

(ग) ..... जहां, पाटन को प्रभावहीन करने के लिए शुल्क लगाना जारी रखना जरूरी हो ।

(घ) यदि शुल्क हटाया अथवा परिवर्तित किया जाता है अथवा दोनों स्थितियों में, क्या क्षति जारी रहने अथवा पुन: होने की संभावना है ।

12. पीएचपीजीडीएस के लिए मांग और आपूर्ति के संबंध में भारत में मौजूद बाजार दशाएं और घरेलू उद्योग की आर्थिक स्थिति से शुल्क को लागू रखने की मध्यावधि समीक्षा की आवश्यकता नहीं दिखाई देती है । इसे बाद के पैराग्राफों में और अधिक स्पष्ट किया जाएगा ।

13. समीक्षा का सबसे महत्वपूर्ण मानदंड इस बात से संबंधित है कि क्या यदि शुल्क हटाया या उसमें बदलाव या ये दोनों किए जाते हैं तो क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है । अनुच्छेद 11.2 के अनुसार, समीक्षाएं भविष्य-सापेक्षी प्रकृति की होती है जिनमें यदि निश्चयात्मक शुल्क को हटाया जाए तो पाटन एवं क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना का पूर्वानुमान अपेक्षित होता है इसमें पाटित आयातों, कीमतों और घरेलू उत्पादकों पर प्रभाव के अनुमानित स्तरों के आधार पर परिकल्पित भावी घटनाक्रम का प्रति-तथ्यात्मक विश्लेषण शामिल होता है । समाधान किया जाने वाला प्रश्न यह होता है कि क्या यदि शुल्क हटाया जाता है तो घरेलू उद्योग को पुन: क्षति होने के आसार हैं ।

14. घरेलू उद्योग का निष्पादन दर्शाता है कि घरेलू उद्योग अब भी क्षति उठा रहा है और यदि पाटनरोधी शुल्क हटाया जाता है तो घरेलू उद्योग के निष्पादन की स्थिति और खराब हो जाएगी ।

15. घरेलू उद्योग के आर्थिक निष्पादन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पाटनरोधी शुल्क को हटाने के लिए परिस्थितियों में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है जो मध्यावधि समीक्षा की आवश्यकता दर्शाता हो क्योंकि यदि शुल्क हटाया या उसमें बदलाव या ये दोनों किए जाते हैं तो घरेलू उद्योग को आगे और क्षति होगी ।

16. केएससी ने पृष्ठ 9 में यह अनुरोध किया है कि पाटनरोधी शुल्क की भारतीय नियमावली के नियम 23 के अनुसार पाटनरोधी शुल्क हटाया जा सकता है/हटाया जाना चाहिए, यदि पाटनरोधी शुल्क को लागू रखने का कोई औचित्य न हो और इसकी समीक्षा की जानी चाहिए यदि पाटन मार्जिन में कोई परिवर्तन या घरेलू उद्योग को हुई क्षति की मात्रा में कोई परिवर्तन हुआ हो । उनका यह दावा कि पाटन मार्जिन या क्षति मार्जिन या बेंचमार्क में मामूली परिवर्तन स्वयं ही समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण हैं ।

17. केएससी का तर्क है कि उनके द्वारा किए जा रहे निर्यातों पर अग्रिम लाइसेंस के तहत किए जा रहे निर्यातों को छोड़कर, इस समय पाटनरोधी शुल्क लागू है । केएससी ने आगे अनुरोध किया है कि वे परिस्थितियां जिनमें ये शुल्क पहले लगाया गया था, काफी बदल चुकी हैं । केएससी ने दावा किया है कि पाटनरोधी शुल्क को लागू रखने का कोई औचित्य नहीं है और जहां तक केएससी का संबंध है पाटनरोधी शुल्क को वापस लिया जाना चाहिए । तथापि, पाटनरोधी शुल्क को लागू रखने का कोई औचित्य न होने और इन्हें हटाये जाने की आवश्यकता के उनके दावों के संबंध में कोई वास्तविक आंकड़े, तथ्य या समंक नहीं दिए गए हैं और इसलिए उनका दावा तथ्यपूर्ण नहीं है । अत: इस स्थिति में मध्यावधि समीक्षा की कोई आवश्यकता नहीं है ।

18. किसी मामले में यदि केएससी जैसाकि पृष्ठ 9 में दावा किया गया है केवल अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत संबद्ध सामग्री का निर्यात कर रहा है, तो प्रतिवादी को नोट करने में आश्चर्य है कि केएससी पर लागू पाटनरोधी शुल्क लगाया गया क्योंकि अग्रिम लाइसेंस के तहत निकासी की गई वस्तुओं पर मूल शुल्कों के साथ कोई पाटन शुल्क नहीं लगता है ।

19. जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, केएससी का वर्तमान तथ्यों तथा परिवर्तित परिस्थितियों पर किया गया अनुरोध केवल एक अभिमत है तथा किन्हीं तथ्यों तथा आंकड़ों पर आधारित नहीं है । केएससी ने परिवर्तित परिस्थितियों के लिए कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है । इसलिए वर्तमान जांच शुरूआत स्वत: ही ऐसी सकारात्मक सूचना पर आधारित नहीं है जो समीक्षा की आवश्यकता को ठोस रूप दे सके ।

20. यह आश्चर्य है कि केएससी ने यह दावा किया है कि केएससी द्वारा किए गए निर्यातों पर पाटन मार्जिन, निर्यात के पहुंच मूल्य तथा केएससससी के निर्यातों के संबंध में निर्यात कीमत जिसमें अत्यधिक गिरावट आ गई थी, दोनों के बावजूद न्यूनतम स्तर पर तथा इसीलिए बेंचमार्क को घटाया जाना चाहिए । केएससी के दावे पर माननीय प्राधिकारी का ध्यान आकर्षित किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के आयात को पहुंच मूल्य में अत्यधिक गिरावट आई है । इसका अर्थ यह है कि निर्यात कीमत में भी अत्यधिक गिरावट आई जिसे केएससी भी स्वीकार करता है । इस स्थिति में पाटन मार्जिन में वृद्धि होगी न कि गिरावट आएगी जैसा कि केएससी द्वारा दावा किया गया है ।

21. कनेका, सिंगापुर से पीएचपीजीडीएस की निर्यात कीमत में गिरावट आ रही है जो इस बात का पर्याप्त सबूत है कि अभी भी भारतीय बाजार में वस्तुओं का पाटन हो रहा है ।

22. केएससी ने यह उल्लेख किया है कि उन्होंने आईबीआईएस, मुंबई द्वारा संकलित आंकड़ों/सूचनाओं के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तु के आयात के संबंध में सूचना एकत्र की है । केएससी ने निर्यात कीमत के संबंध में आंकड़ों का विश्लेषण किया है तथा दोनों पर्याप्त रूप से तुलनीय है । इसके अलावा, केएससी ने यह दावा किया है कि वे सिंगापुर से प्रासंगिक अवधि के दौरान भारत को पीएचपीजीडीएस के एकमात्र आपूर्तिकर्ता रहे थे और कीमतें उस कीमत की प्रतिनिधि थीं जिस पर भारत को वस्तुओं का निर्यात किया गया है ।

23. उत्तरदाता इस बात को नोट करते हुए आश्चर्यचकित हैं कि सिंगापुर से एकमात्र निर्यातक भारत में द्वितीयक अभिकरण आईबीआईएस द्वारा संकलित आंकड़ों पर आधारित, भारत में निर्यात कीमत का उल्लेख कर रहा है । केएससी द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, यह प्रतीत होता है कि कंपनी ने प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार प्रासंगिक अवधि में किए गए वास्तविक निर्यात का उल्लेख नहीं किया है । यह भी आश्चर्यजनक है तथा आपत्तिजनक है कि निर्यातक देश के एकमात्र निर्यातक जो कि स्वयं आंकड़ों का सृजन करता है, द्वारा दायर किए गए आवेदन के मामले में द्वितीयक आंकड़ों पर निर्भर रह गया ।

24. निर्यातक स्वयं यह दावा कर रहा है कि अवधि के दौरान निर्यात कीमत में प्रभावी रूप से गिरावट आई । डीजीसीआई एंड एस, कोलकाता द्वारा आपूरित आंकड़ों पर आधारित उत्तरदाता द्वारा संकलित निर्यात कीमत यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मूल जांच अवधि में 10332.65 अम.डा./मी.टन से वर्तमान जांच अवधि में 6891.56 अम.डा./मी.टन तक निर्यात कीमत में गिरावट आई है जो मूल जांच अवधि में निर्यात कीमत से 33.3% कम है । इसका यह स्पष्ट अर्थ है कि पाटन मार्जिन में केएससी द्वारा दावा किए गए न्यूनतम स्तर की तुलना में कम से कम 35% की वृद्धि होगी ।

25. सीमाशुल्क वित्तीय वर्ष 2004-05 के लिए मूलभूत 35% से घटकर 20% हो गया । इसके परिणामस्वरूप संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का कमतर पहुंच मूल्य होगा । संबद्ध वस्तु की निर्यात कीमत में भी अत्यधिक गिरावट आई थी जिससे पहुंच मूल्य में और गिरावट आई । यद्यपि क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) भी बेहतर क्षमता उपयोग के कारण घट गई है तथापि, क्षति मार्जिन में पूर्ववर्ती जांच की तुलना में वृद्धि ही हुई । तद्नुसार पाटनरोधी शुल्क को आगे और बढ़ाया जाना चाहिए न कि शुल्क को समाप्त करना चाहिए जैसा कि केएससी द्वारा दावा किया गया है. ।

26. केएससी ने पाटन मार्जिन में कमी का दावा यह कहते हुए किया कि प्रस्तावित अवधि में उनकी निर्यात कीमत सामान्य मूल्य से उच्चतर थी । उत्तरदाता यह नहीं समझ सका कि किस तरह से पाटन मार्जिन में कमी आएगी जबकि निर्यात कीमत पूर्ववर्ती जांच की अवधि में 33.3% से ज्यादा घट गई है जिसमें प्राधिकारी ने 8.07% के पाटन मार्जिन का निर्धारण किया था । केएससी ने हाल ही में यह उल्लेख किया है कि उनकी निर्यात कीमत सामान्य मूल्य से उच्चतर है लेकिन यह नहीं उल्लेख किया है कि किस तरह से सामान्य मूल्य (33.3%,+8.07%) से अधिक घट गया है कि न्यूनतम स्तर के पाटन मार्जिन का दावा किया गया है ।

27. केएससी ने यह दावा किया है कि उनके उत्पादन की लागत में कुछ कच्चे माल की कीमतों में अत्यधिक गिरावट के कारण किरावट आई है । केएससी ने यह दावा किया है कि प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में पिछले 4 वर्षों में 15% से भी अधिक की गिरावट आई । अनुबंध-9 का विश्लेषण यह दर्शाता है कि कच्चे माल के 10 नगों की कीमतों में गिरावट वर्ष 2001 की तुलना में 2005 के दौरान 22% तक की वृद्धि हुई तथा केएससी के अनुबंध-9 में इंगित कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं है । अत: स्वयं केएससी द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े केएससी के इस दावे का विरोधाभास है कि कच्चे माल की कीमतों में अत्यधिक गिरावट आई । इसके विपरीत, कच्चे माल की संख्या के रूप में कीमतों में अत्यधिक 52% तक की वृद्धि हुई । यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण होगा कि पीएचपीजीडीएस के उत्पादन की लागत का प्रमुख संघटक पीएचपीजी बेस स्वयं है । पीएचपीजी के पूववर्ती अनुरोध में हमने पहले ही तथ्यों तथा आंकड़ों द्वारा यह सिद्ध किया था कि पीएचपीजी बेस के उत्पादन लागत में वृद्धि कच्चे माल, विलायकों, प्रयुक्तियों, एचओ व्ययों के आबंटन से संबंधित लेखा नीति में परिवर्तन आदि के कारण अत्यधिक बढ़ गई थीं ।

28. यह एक सुविख्यात तथ्य है कि पिछले 1-2 वर्षों में कच्चे माल की कीमतें 2001 में 25 अम.डा./बैरल से हाल की अवधि में 70 अम.डा./बैरल जितनी अत्यधिक बढ़ गई हैं । इसके कारण न केवल विलायकों की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई है बल्कि प्रयुक्तियों की लागत भी अवधि के दौरान लगभग दुगुनी हो गई । यदि मजदूरी तथा अन्य ऊपरी व्ययों में 5% की मामूली वृद्धि को जोड़ा जाता है तो उत्पाद की लागत में कम से कम 10 से 15% की और वृद्धि हो जाएगी । व्ययों में 5% की मामूली सामान्य वृद्धि का दावा वित्तीय वर्ष 2004-05 के लिए केसी की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर इस उल्लेख के साथ और ठोस हो जाता है कि "बिक्री, सामान्य तथा प्रशासनिक (एसजी एंड ए) व्यय *** मिलियन येन थे जो वर्ष दर वर्ष आधार पर ***% बढ़े।"

29. केएससी द्वारा पीएचपीजीबेस-पीएचटीएन के उत्पादन हेतु अपेक्षित प्रमुख कच्ची सामग्री अपनी मूल कंपनी कनेका कारपोरेशन, जापान (केसी) से प्राप्त की जाती है जिसे बाद में पीएचपीजी बेस से पीएचपीजीडीएस में परिवर्तित किया जा रहा है। पीएचटीएन की लागत ही केएससी हेतु पीएचपीजी बेस की उत्पादन लागत के लिए एक प्रमुख लागत संघटक है। पीएचपीजी बेस की उत्पादन लागत में पीएचटीएन की लागत से सॉल्वेंट, उपयोगिता कीमत, श्रम लागत आदि में वृद्धि जैसे उपर्युक्त कारकों के कारण इस अवधि में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। प्राधिकारी को केसी द्वारा उत्पादित पीएचटीएन की लागत संरचना का ब्योरों की जांच करनी चाहिए और केसी से केएससी के लिए लागत संरचना तथा हस्तांतरण कीमत तंत्र का सत्यापन करना चाहिए। हम प्राधिकारी से यह भी अनुरोध करते हैं कि वह इस बात की जांच करें कि क्या हस्तांतरण कीमत में बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय जैसे सभी ऊपरी खर्चे तथा केएससी को पीएचटीएन की बिक्री पर केसी को उचित लाभ भी शामिल है।

30. केएससी और केसी ने मध्यावधि समीक्षा हेतु अपने आवेदन के साथ कोई वार्षिक रिपोर्ट संलग्न नहीं की है। प्रतिवादी ने प्राधिकारी से पहले ही यह अनुरोध किया है कि निर्यातक को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत आंकड़ों के अन्य अगोपनीय सारांश के साथ वार्षिक रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाए। प्रतिवादी ने वित्त वर्ष 2003-04 तथा 2004-05 के लिए नेट से डाउन लोड की गई केसी की वार्षिक रिपोर्ट का विश्लेषण किया है। के एस सी की वार्षिक रिपोर्ट उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है । केसी के विश्लेषण से यह पता चलता है कि इन वर्षों के दौरान बल्क औषधियों तथा मध्यवर्ती उत्पादों के उत्पादन में कमी आई है। अतः उत्पादन की मात्रा में कमी आने के कारण यह स्पष्ट हो गया है कि घटे हुए उत्पादन पर निर्धारित ऊपरी खर्चे के मानकीकरण की वजह से उत्पादन की प्रति इकाई लागत में वृद्धि होगी।

31. लागत संरचना के अनुसार पीएचपीजीडीएस की कुल उत्पादन लागत की लगभग 85% लागत कच्ची सामग्री की है, 4 से 5% उपयोगिता लागत तथा शेष ऊपरी खर्चे, बिक्री, सामान्य प्रशासनिक व्यय आदि हैं। यदि तर्क के तौर पर केएससी के इस दावे को मान भी लिया जाए कि कुछेक कच्ची सामग्रियों की कीमत में 15% की भारी कमी आई है तो भी कुल उत्पादन लागत में समग्र प्रभाव 5-10% से अधिक नहीं हो सकता। यह सच है कि निर्यात कीमत में 33% से अधिक की कमी आई है, तब भी कोई इस बात की कल्पना नहीं कर सकता कि पाटन मार्जिन कम हो जाएगा।

32. स्वयं केएससी द्वारा दावा किए गए तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर पाटन मार्जिन में भारी वृद्धि हो रही है। तदनुसार प्राधिकारी से हमारा विनम्र निवेदन है कि पाटन मार्जिन और शुल्क के स्तर को बढ़ाया जाए। यह भी स्पष्ट है कि केएससी से निर्यात की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है और दूसरी ओर निर्यात कीमत में 33% से अधिक की कमी आई है। इससे इस बात का स्पष्ट पता चलता है कि अग्रिम लाइसेंस के जरिए पाटन में वृद्धि हुई है और यदि शुल्क स्माप्त कर दिया जाता है तो सिंगापुर का निर्यातक भारतीय बाजार में अपनी समस्त वेशी मात्रा का निश्चित रूप से पाटन कर देगा।

33. केएससी का न्यूनतम से कम पाटन मार्जिन का दावा तथ्यों से परे है और उक्त तथ्यों के आलोक में डीओ द्वारा सविनय अनुरोध किया जाता है कि केएससी के मामले में पाटन मार्जिन बढ़ाई जाए तथा शुल्क के मौजूदा स्तर में भी वृद्धि की जाए।

34. चूंकि केएससी ने वार्षिक रिपोर्टों की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई हैं, अतः प्रतिवादी केएससी की लाभप्रदता पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है। इसके विपरीत केसी, जापान की वार्षिक रिपोर्ट में पितृ कम्पनी के लाभ में वर्ष 2002-03 में ***% से वर्ष 2003-04 में ***% और वर्ष 2004-05 में ***% लगातार वृद्धि दर्शाई गई है। तदनुसार संरचित सामान्य मूल्य की संरचना करते समय समुचित लाभ में पुनः वृद्धि होगी, न कि कमी, जैसा कि केएससी का दावा है। केएससी का यह कहना है कि कनिका की निर्यात कीमत उत्पादन लागत से अधिक है और कंपनी द्वारा अर्जित लाभ के स्तर में गिरावट आई है, परस्पर विरोधी है। यदि पहले वे उत्पादन लागत से कम पर बिक्री करने में तो उन्हें घाटा होना चाहिए था और जब निर्यात कीमत उत्पादन लागत से अधिक हो गई है, जैसा कि उनका दावा है, तो मुनाफा भी बढ़ना चाहिए था, जो उनके इस तर्क कि मुनाफा कम हो गया है, के सर्वथा विपरीत है। इससे यह स्पष्ट है कि भारतीय बाजार में वस्तुओं के पाटन के उद्देश्य से उन्होंने कीमतें कम कर दी हैं।

35. केएससी ने दावा किया है कि सीमाशुल्क में उल्लेखनीय कमी और कच्चे माल की कीमतों में कमी के परिणामस्वरूप निर्यात कीमतों में आई गिरावट के कारण यह स्पष्ट है कि समीक्षा की आवश्यकता है। पाटन मार्जिन में कमी के रूप में निर्यातक को सहायता हेतु उपर्युक्त दो आधारों को बदली हुई स्थितियों में अनुकूल आधार नहीं कहा जा सकता। इसके विपरीत इन दो आधारों के कारण घरेलू उद्योग की स्थिति बदल गई है और पहुंच मूल्य में गिरावट के परिणामस्वरूप क्षति की मार्जिन अधिक हो गई है। तदनुसार जहां तक निर्यातक का प्रश्न है, उपर्युक्त दो आधार, जिसके आधार पर प्राधिकारी द्वारा मध्यावधि समीक्षा की शुरूआत की गई है, सकारात्मक परिवर्तन कदापि नहीं हैं।

36. केएससी ने उल्लेख किया है कि उनके द्वारा चीन, बांग्लादेश, इण्डोनेशिया, ईरान, इटली, स्पेन, थाइलैंड तथा वियतनाम को पीएचपीजीडीएस का निर्यात किया जाता है। चूंकि केएससी ने प्रश्नावली का विधिवत सूचीबद्ध गैरगोपनीय पाठ प्रस्तुत नहीं किया है, अतः प्रतिवादी अन्य तीसरे देशों को किए गए निर्यात का ब्यौरा जान पाने की स्थिति में नहीं है। कनिका द्वारा चीन, बांग्लादेश, ईरान, थाईलैंड एवं वियतनाम के संबंध में बिक्री कीमत संरचना प्रस्तुत की है और यह दावा किया है कि निर्यात कीमतों की तुलना स्पेन इटली तथा इण्डोनेशिया की कीमतों से नहीं की जा सकती। प्रतिवादी ने निर्दिष्ट प्राधिकारी से याचिकाकर्ता को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि जांच अवधि के दौरान तीसरे देश को किए गए निर्यात का सारगर्भित तथा विधिवत सूचीबद्ध गैरगोपनीय सारांश उपलब्ध कराया जाए, ताकि घरेलू उद्योग द्वारा इसके बारे में सार्थक प्रस्तुतिकरण किया जा सके।

37. केएससी ने तीसरे देश को किए गए आयात की बिक्री कीमत में *** मार्क दर्शाते हुए गैरगोपनीय सारांश अनुबंध-II में प्रस्तुत किया है। अनुबंध-II से यह प्रतीत होता है कि केएससी ने केवल बांग्लादेश, चीन, ईरान, थाइलैंड और वियतनाम के संबंध में ही निर्यात जानकारी प्रस्तुत की है। केएससी ने स्पेन, इटली तथा इण्डोनेशिया के बारे में निर्यात जानकारी नहीं की है। इससे ज्ञात होता है कि याचिकाकर्ता (केएससी) ने प्रश्नावली में यथानिर्धारित प्रारूप तथा तरीके से प्राधिकारी को पूर्ण जानकारी प्रस्तुत नहीं की है और प्राधिकारी से महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है। अतः केएससी के संपूर्ण प्रस्तुतिकरण को इस आधार पर अस्वीकृत किया जाना चाहिए।

38. केएससी ने बार-बार यह दावा किया है कि जांच अवधि में भारत की निर्यात कीमत सामान्य मूल्य से अधिक रही है। कच्चे माल की कम कीमतों के आधार पर उत्पादन लागत कम होने का केएससी का दावा तथ्यों से परे है। इसके विपरीत प्रतिवादी ने तथ्यों से यह सिद्ध कर दिया है कि प्रमुख कच्ची सामग्रियों की कीमत में वृद्धि हई है और कतिपय कच्ची सामग्रियों की कीमत में यह वृद्धि तुलनात्मक रूप से कुछ कच्ची सामग्रियों की कीमत में कमी से अधिक है। कच्चे माल की अधिक कीमतों, सॉलवेंट की कीमतें अधिक होने, अपरिष्कृत तेल की कीमतों में वृद्धि के परिणामस्वरूप उपयोगिता लागत अधिक होने, क्षमता उपयोग कम होने, ऊपरी व्यय में सामान्य वृद्धि, लेखांकन नीति में परिवर्तन के मद्देनजर पितृ कंपनी के व्यय के अनुषंगी कंपनियों को आवंटन के साथ-साथ केसी की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित एसजीएण्डए में ***% वृद्धि से संरचित सामान्य मूल्य में निश्चित रूप से वृद्धि होगी और इसके परिणामस्वरूप पाटन मार्जिन भी अधिक होगा।

39. प्रतिवादी ने अपने दिनांक 15 दिसंबर, 2005 के गोपनीय प्रस्तुतिकरण में सिंगापुर से पीएचपीजीडीएस का निर्यात कीमत रूख (पृष्ठ 9 पर भाग-1 में मद सं.6 देखें) प्रस्तुत किया है। वित्तीय वर्ष 1998-99 के बाद पिछले 7 वर्षों में कीमत के रूख में लगातार कमी आई है और पीएचपीजीडीएस की कीमत वित्तीय वर्ष 1998-99 में ****5 अम. डॉलर/मी. टन से घटकर वर्तमान जांच अवधि के दौरान ****अम. डॉलर/मी.टन रह गई है, अर्थात वित्तीय वर्ष 1998-99 से लगभग 42.9% की कमी आई है। निर्यातक का यह दावा है कि कच्चे माल की कीमत में गिरावट के कारण उत्पादन लागत कम हो जाने से कीमत कम हो गई है, केएससी द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया है। केएससी के स्वयं के दावे के अनुसार कुछ कच्ची सामग्रियों की कीमत में कमी ****% हुई है (हालांकि इसका अनुबंध-9 से मिलान नहीं किया गया है), जबकि प्रमुख कच्ची सामग्रियों की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो ****% तक है। तदनुसार निर्यात कीमत में और अधिक कमी की संभावना का केएससी का दावा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के विपरीत है।

40. केएससी का यह दावा है कि प्रस्तावित जांच अवधि के दौरान वास्तविक पाटन मार्जिन और कीमतों के वर्तमान रूख को देखते हुए पाटन जारी रहने अथवा पुनः होने की कोई संभावना नहीं है, तथ्यों से परे है। इसके विपरीत प्रतिवादी ने सिद्ध कर दिया है

कि पीएचपीजीडीएस के **** अम. डॉलर/मी. टन की निर्यात कीमत के आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन का निर्धारण किया था और पीएचपीजीडीएस के **** अम. डॉलर/मी. टन की वर्तमान कीमत के रूख को देखते हुए यह स्पष्ट है कि पाटन लगातार बढ़ रहा है और यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क हटा दिया जाए तो इसके जारी रहने अथवा पुन: होने की संभावना है।

41. केएससी द्वारा पीएचपीजीडीएस का निर्यात बांग्लादेश, चीन इंडोनेशिया, ईरान, इटली, स्पेन, थाइलैंड और वियतनाम को किया जा रहा है। तथापि कनिका ने बांग्लादेश, चीन, ईरान, थाइलैंड और वियतनाम के संबंध में अनुबंध II के रूप में निर्यात कीमत की केवल अगोपनीय बिक्री कीमत संरचना प्रस्तुत की है और जांच अवधि के लिए तथा पिछले दो पूर्ववर्ती वर्षों के लिए उसका सूचीकरण नहीं किया है। विभिन्न देशों के लिए बिक्री कीमत संरचना हेतु सार्थक सूचीकृत आंकड़ों के अभाव में प्रतिवादी उन पर टिप्पणी देने की स्थिति में नहीं हैं।

42. केएससी ने दावा किया है कि विभिन्न देशों को निर्यात की कीमत तुलनीय है और विभिन्न देशों को निर्यात की कीमत के बीच कोई भारी अथवा चिंताजनक अंतर नहीं है। दूसरी ओर पृष्ठ 12, मद सं. 2.2 पर केएससी ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत के लिए कीमतों की तुलना स्पेन, इटली तथा इंडोनेशिया के लिए कीमतों के साथ नहीं की जा सकती जोकि स्वयं केएससी के इस दावे के प्रतिकूल है, विभिन्न देशों को निर्यात के बीच कोई भारी अथवा चिंताजनक अंतर नहीं है।

43. रोचक तथ्य यह है कि केएससी ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि विभिन्न देशों को निर्यात किसी खास वित्तीय घाटे पर नहीं किए गए हैं जिससे स्पष्ट रूप से यह पता चलता है कि केएससी द्वारा भारतीय बाजार में पीएचपीजीडीएस का पाटन किया जा रहा है और घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई जा रही है और यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता है तो केएससी द्वारा पाटन की मात्रा और बढ़ा दी जाएगी तथा घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति होगी।

44. इस पैराग्राफ में केएससी ने पूर्ववर्ती पैराग्राफ में प्रतिवादी द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दिया है। केएससी ने स्वीकार किया है कि यदि पाटनरोधी शुल्क के भुगतान के बाद घरेलू बाजार में निर्यात उतारे जाते हैं तो सबद्ध सामग्री भारतीय उपभोक्ता को 13.87 अम. डॉलर/कि.ग्रा. की बैचमार्क कीमत पर उपलब्ध हो जाएगी। यदि ऐसी स्थिति रहेगी तो घरेलू उद्योग भी 13.87 अम. डॉलर/कि.ग्रा. से अधिक/ उसके बराबर कीमत अर्थात मूल याचिका में विस्तृत जांच के बाद माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की गई बैंचमार्क कीमत वसूल करने स्थिति में होगा और इस कीमत पर घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं होगी। अग्रिम लाइसेंस के जरिए केएससी से हुए पाटित आयातों की वजह से घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में अपनी कीमतें कम करने के लिए बाध्य हुआ है और इस प्रक्रिया में क्षति अभी भी जारी है। केएससी ने दावा किया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निर्धारित वर्तमान बैंचमार्क कीमत काफी अधिक है

जिससे घरेलू उद्योग को अत्यधिक असामान्य लाभ प्राप्त होना चाहिए। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने मूल जांच के दौरान घरेलू उद्योग की स्थिति के आधार पर 16.16 अम. डॉलर/कि.ग्रा.की क्षति रहित कीमत निर्धारित की है। तदनुसार घरेलू उद्योग की क्षति को समाप्त करने के लिए घरेलू उद्योग को 16.16 अम. डॉलर/कि.ग्रा. की कीमत प्राप्त होनी चाहिए थी जिसे घरेलू उद्योग पाटित आयातों के कारण प्राप्त नहीं कर सका।

45. घरेलू बाजार में बिक्री प्रक्रिया ऐसी है कि पीएचपीजीडीएस की मांग का एक बड़ा हिस्सा उन वास्तविक प्रयोक्ताओं/निर्यातकों की ओर से उत्पन्न होता है जो अग्रिम लाइसेंस धारक हैं और वे पाटित कीमतों पर विदेश से सामग्री की खरीद करने में समर्थ हैं।

46. आश्चर्यजनक विलक्षणता को आगे इस तथ्य द्वारा आंका जा सकता है कि यद्यपि घरेलू उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी कीमत पर पीएचपीजीडीएस का उत्पादन कर पाया है, तथापि वह भारत के अग्रिम लाइसेंस धारकों को सामग्री की बिक्री नहीं कर पाया है क्योंकि सिंगापुर से पाटित कीमतों पर सामग्री का आयात किया जाता है। अत: केएससी जैसे स्त्रोतों से पाटित कीमतों के कारण घरेलू उद्योग गैर क्षतिकारक कीमत पर अग्रिम लाइसेंस धारक स्थानीय निर्यातकों को पीएचपीजीडीएस की बिक्री करने से बाधित हुआ है। अत:, पाटन और घरेलू उद्योग को लगातार हुए घाटों के बीच सुदृढ़ कारणात्मक संबंध है।

47. अपने दिनांक 15 दिसंबर 2005 के गोपनीय प्रस्तुतीकरण में घरेलू उद्योग ने पहले ही कारणात्मक संबंध के साक्ष्य का विवरण विस्तारपूर्वक दिया है। संक्षिप्तता के लिए उसे यहां दोहराया नहीं गया है। प्रकटन विवरण के अनुवर्ती घरेलू उद्योग ने इस जांच में स्वयं द्वारा पूर्व में किए गए निवेदन को दोहराया है और उन्होंने प्राधिकारी से अंतिम जांच परिणाम निकालने के पूर्व मुद्दों की जांच करने को कहा है।

घ. <u>निर्यातक द्वारा उठाए गए मुद्दे</u> :

48. दूसरी ओर आवेदक ने निवेदन किया है कि यह तथ्य कि निर्विष्टियों में गिरावट आई है अथवा नहीं, वास्तविक है और वह आवेदक कंपनी की सूचना/साक्ष्य/रिकॉर्ड पर आधारित है। यह महत्वहीन है कि क्या भारतीय उत्पादकों ने भी उसका सामना किया है अथवा नहीं। इसके अतिरिक्त, यद्यपि याचिकाकर्ताओं ने पिछले 4-5 वर्षों के दौरान कीमतों में गिरावट के बारे में तर्क दिया है, तथापि भारतीय उत्पादक क्षति अवधि के बीच और उसके बाद तर्क देते रहे हैं। यह अस्वीकार नहीं किया गया है कि जांच अवधि में और उसके बाद कीमतों में वृद्धि हुई है। पूर्व में समाप्त जांच में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाटन मार्जिन भी काफी अधिक था और कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों से उसका अनुसमर्थन नहीं होता था। आगे यह भी कहा गया है कि प्रमुख निर्विष्टियों की कीमतों में कमी, उत्पादन में काफी वृद्धि, रोजगार में काफी कमी,

कीमत द्वारा के कारण लागत में कमी आदि को ध्यान में रखते हुए कंपनी की उत्पादन लागत में गिरावट आई है। कनिका द्वारा पिछली जांच और वर्तमान जांच के लिए उत्पादन लागत की तुलना उपलब्ध कराई है जिसमें निर्धारित कारण से भिन्नता के कारण दिए गए हैं और दौरे के समय उक्त के सत्यापन की पेशकश की गई है।

क.) प्रमुख निर्विष्टि पीएचटीएन की कीमतों में अन्य कारणों के साथ-साथ इस तथ्य के कारण गिरावट आई है कि कंपनी ने अपने प्राप्ति के स्रोत को **** से बदल कर **** कर दिया है।

ख.) चूँकि का कनेका ने सूचना उपलब्ध कराई है अतः दौराला द्वारा परिकलित सामान्य मूल्य अर्थहीन है।

ग.) याचिकाकर्ताओं ने न केवल भारत को निर्यात बिक्रियों के संबंध में बल्कि तीसरे देशों को निर्यातों के संबंध में भी विस्तृत सौदा-वार सूचना उपलब्ध कराई है। यह सूचना यह स्थापित करने के लिए पर्याप्त है कि क्या कंपनी द्वारा किसी तीसरे देश में उत्पाद का पाटन किया जा रहा था।

घ.) कनेका ने निर्यात के संबंध में हुए सभी व्ययों का बीजक वार विवरण प्रस्तुत किया है और इसलिए इस बारे में दौराला के किसी भी दावे को अस्वीकार किया जाना आवश्यक है।

ङ.) पिछली जांच में उत्पादन की उच्चतर लागत के संभावित कारणों में से एक यह तथ्य था कि उस जांच अवधि में कंपनी ने उत्पाद की बहुत कम मात्रा का उत्पादन किया था जिसका परिणाम उच्च ऊपरी खर्चों की स्थिति के रूप में हुआ था।

छ. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u> :

48. प्राधिकारी ने इस समीक्षा जांच के प्रारंभ के संबंध में हितबद्ध पक्षकारोंद्वारा किए गए विभिन्न प्रस्तुतिकरणों की सावधानीपूर्वक जांच की है।

49. पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 में यह प्रावधान है कि प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और यदि वह इस संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर संतुष्ट हों कि ऐसे शुल्क के अधिरोपण को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है तो वे केंद्र सरकार को उसे वापस लेने की सिफारिश करेंगे।

50. करार के अनुच्छेद 11.2 में यह प्रावधान है कि जहां उचित हो, स्वयं द्वारा की गई पहल पर अथवा निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण के पश्चात् एक उचित

समयावधि हो गई हो तो किसी हितबद्ध पक्षकार, जिसने समीक्षा की आवश्यकता को प्रमाणित करने के लिए सकारात्मक सूचना प्रस्तुत की हो, के अनुरोध पर प्राधिकारी शुल्क अधिरोपण को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा करेंगे। हितबद्ध पक्षकारों के पास प्राधिकारी से यह जांच करने का अनुरोध करने का अधिकार होगा कि क्या पाटन को हतोत्साहित करने के लिए शुल्क को लगाए रखना आवश्यक है, क्या शुल्क समाप्त करने या उसमें अंतर करने या दोनों से क्षति के जारी रहने की संभावना है। यदि इस पैराग्राफ के तहत समीक्षा के परिणामस्वरूप प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि पाटनरोधी अब उचित नहीं है तो उसे तत्काल समाप्त कर दिया जाएगा। प्राधिकारी मानते हैं कि यह एक स्थापित प्रक्रिया है कि पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के बाद किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा सप्रमाण अनुरोध पर समीक्षा प्रारंभ की जाती है और इस अपेक्षा की 1/99 के एक व्यापार नोटिस द्वारा अधिसूचित किया गया है। इस वर्तमान मामले में समीक्षा को तदनुसार पाटनरोधी शुल्क के अधिरोपण की तारीख के 1.2 महीनों के बाद प्रारंभ किया गया है।

51. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित पाटनरोधी अधिनियम के अनुच्छेद 11.2 के तहत समीक्षा के आधार का प्रमाणन आवश्यक है और आवेदक ऐसा करने में असफल रहा है। अतः समीक्षा प्रारंभ करना गलत है। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्कों का विश्लेषण किया है और निष्कर्ष निकाला है कि आवेदक ने अन्य बातों के साथ-साथ यह सकारात्मक सूचना प्रस्तुत की थी कि भारत को केएससी की निर्यात कीमत में अत्यधिक कमी हुई है और सीमाशुल्क को 35% से कम कर के 20% कर दिया गया है। पाटन मार्जिन से संबंधित मुद्दों का विश्लेषण पाटन मार्जिन संबंधी पैराग्राफ में किया गया है। जहां तक पाटन मार्जिन से जुड़े मुद्दों का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि पूर्ववर्ती पैरा में दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार पाटन मार्जिन में काफी परिवर्तन हुआ है और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कच्चे माल की कीमत में कमी के परिणामस्वरूप सामान्य मूल्य में कमी को देखते हुए उत्पादन लागत में अत्यधिक गिरावट आई है, मूल जांच में निर्धारित बैंचमार्क की तदनुसार पुनः समीक्षा की जानी चाहिए। इसके अलावा प्रकटन विवरण के पश्चात् घरेलू उद्योग ने गोपनीयता के मुद्दे और आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों की पर्याप्तता के संबंध में कई तर्क प्रस्तुत किए हैं जिनकी प्राधिकारी द्वारा जांच की गई है। उन्होंने तर्क दिया है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन और प्रश्नावली के उत्तर में पर्याप्त प्रकटन नहीं किया गया है। यह भी निवेदन किया गया है कि प्रश्नावली के उत्तर में सूचीबद्ध सूचना की कमी थी और कुछेक प्रश्नों के उत्तर में दिए गए गोपनीय उत्तर पर्याप्त रूप से प्रकट नहीं थे। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा संबंधित कंपनियों के संबंध में पूरी सूचना नहीं दी गई थी और निर्दिष्ट प्राधिकारी को जांच अवधि तथा उसके पिछले तीन वर्षों के लिए वार्षिक रिपोर्टें उपलब्ध नहीं कराई गई थी। प्राधिकारी द्वारा निवेदनों की जांच की गई थी और नियम 7 के तहत अपेक्षाओं, उत्पाद की प्रकृति और उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में उपलब्ध सीमित प्रौद्योगिकी, यह तथ्य कि कनेका सिंगापुर का एक मात्र उत्पादक एवं निर्यातक है को ध्यान में रखते हुए यह माना गया है कि गोपनीयता के संबंध में आवेदक के दावे

तर्कसंगत थे। जहां तक घरेलू उद्योग और निर्यातक दोनों द्वारा मांगी गई सूचना की गोपनीयता के मुद्दे का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद (निर्यातक के लिए) और घरेलू उद्योग की समान वस्तु (घरेलू उद्योग के लिए) से संबंधित तुलन पत्र तथा पृथक लेखे सार्वजनिक अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं और इसलिए प्राधिकारी ने इन्हें गोपनीय माना है । इसके अलावा, घरेलू उद्योग तथा निर्यातक की लागत और कीमत से संबंधित समस्त सूचना को प्राधिकारी ने गोपनीय माना है । आगे यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने इन्हीं आधारों और जांच के आधार पर गोपनीयता की मांग की है, उनकी बिक्री और उत्पादन संबंधी आंकड़ों को ही प्राधिकारी ने गोपनीय माना है ।

52. इसके अतिरिक्त, यह स्पष्ट किया गया है कि आवेदक द्वारा पाटन मार्जिन के निर्धारण के प्रयोजनार्थ अपेक्षित पर्याप्त सूचना उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, यह पुष्टि की गई है कि आवेदक द्वारा गोपनीय आधार पर जून '04 जून'05 को समाप्त वर्ष तथा उसके पहले के तीन वर्षों के लिए वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई है। इसके अतिरिक्त, न केवल समग्र रूप में कंपनी बल्कि प्रभाग तथा विचाराधीन उत्पाद से संबंधित समूह से संबंधित कनेका, जापान के बारे में मैं. कानेका, जापान द्वारा विस्तृत वित्तीय सूचना प्रस्तुत की गई है। जांच से यह सामने आया कि प्रस्तुत की गई सूचना कंपनी द्वारा रखे गए रिकॉर्डों के आधार पर थी जिन्हें आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के संगत पाया गया है और उन रिकॉर्डों से विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन, बिक्री, लागत तथा कीमत के बारे में उचित रूप से सूचना प्रदर्शित हुई। सभी विश्व-व्यापी संबंधित कंपनियों के बारे में भी सूचना उपलब्ध कराई गई थी।

ज. <u>पाटन मार्जिन</u> :

<u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

53. सी.शु. टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9 क(1) (ग) के तहत किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है :

1.) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सामान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उपनियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

2.) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा :-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्‌गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

किंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उद्‌गम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु का निर्यात के देश से होकर केवल यानान्तरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्‌गम वाले देश में उसकी कीमत के संबंध में किया जाएगा।

<u>सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत</u>

54. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मै. केएससी सिंगापुर ने जांच अवधि के दौरान भारी बिक्री की है (भारत को की गई बिक्री के 5%से अधिक)। आंकड़ों की जांच के दौरान इस बात का सत्यापन किया गया था कि घरेलू बाजार में आवेदक (निर्यातकों) की बिक्री प्राप्ति उत्पादन लागत से कम रही थी। अतः निर्यातक के सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ घरेलू बिक्री को हिसाब में नहीं लिया गया है। यद्यपि कंपनी ने तीसरे देश के बाजारों को भारी बिक्री की है तथापि कंपनी ने किसी उचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का संकेत नहीं दिया है। इसके अलावा, प्राधिकारी निर्यातक देश के समान उक्त देश के आर्थिक विकास, निर्यातक देश की तुलना में उक्त देश में उद्योग के विकास के स्तर निर्यातक देश की तुलना में उक्त देश में सबद्ध वस्तु के बाजार के आकार और उचित तीसरे देश को किए गए निर्यातों की मात्रा जैसे मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए कारण सहित उचित तीसरे देश का निर्धारण नहीं कर सके। इस बात पर विचार करते हुए कि मूल जांच के दौरान प्राधिकारी ने उनकी उत्पादन लागत को हिसाब में लेकर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया था, प्राधिकारी आवेदन की संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत को हिसाब में लेकर सामान्य मूल्य का निर्धारण करना उचित मानते हैं।

55. आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच के दौरान और सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह नोट किया गया था कि मै. कनेका कारपोरेशन, जापान (केएनके), जापान, मै. कनेका सेल्स कार्पोरेशन, सिंगापुर (केएससी) की मूल कंपनी है जो इस जांच में आवेदक है। भारी उत्पादन कार्यकलाप के अतिरिक्त केएनके, जापान अपनी सहायक कंपनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी करता है। इसके अलावा केएनके द्वारा केएनसी, सिंगापुर के लिए बेस और डेन के उत्पादन हेतु अपेक्षित प्रमुख कच्ची सामग्रियों की खरीद करता है। तथापि सत्यापन दल को यह दिखाया गया था कि केएससी सहित

किसी भी सहायक कंपनी को कोई निशुल्क सेवा प्रदान नहीं की जाती है। हालांकि इन सौदों की कीमत प्रारंभिक कीमत से अधिक थी तथापि इन सेवाओं को प्रदान करने से जुड़ी लागत केएनके द्वारा रखे गए मार्जिन से कम पाई गई थी। यह नोट किया गया था कि केएनके ने केएससी के लिए कच्ची सामग्री की खरीद और आपूर्ति तथा केएससी के लिए बेस और डेन साल्ट की बिक्री से केवल लाभ कमाया है।

56. जहां तक सामान्य मूल्य के निर्धारण का संबंध है, यह नोट किया गया था कि कंपनी मासिक आधार पर उत्पादन लागत का विवरण तैयार करती है। कंपनी ने इन मासिक उत्पादन लागत विवरणों से जांच अवधि के लिए समेकित उत्पादन लागत विवरण तैयार किया है। कंपनी छमाही लाभ एवं हानि लेखा तथा तुलन पत्र भी तैयार करती है। प्राधिकारी ने कच्ची सामग्री तथा पैकिंग सामग्री की खपत के विवरण का सत्यापन किया और लेखा बहियों से उनका मिलान किया। जहां तक विनिर्माण से जुड़े व्यय का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि कंपनी परिवर्तन पर आने वाले व्यय का मासिक आधार पर विवरण तैयार करती है। विनिर्माण संबंधी व्यय में वेतन संबंधी व्यय, प्रचालन खर्च, ऊर्जा बचाव कार्यकलाप, आंतरिक परिवहन, अग्नि बीमा, किराया, संपत्ति कर, मरम्मत एवं रख रखाव, सुविधा, पुराने उपकरण को हटाना, प्रयोगशाला व्यय नमूने, दोषपूर्ण उत्पादन को बट्टे-खाते डालना, मूल्यह्रास तालाबंदी व्यय आदि शामिल हैं। जहां तक बिक्री वितरण खर्च का संबंध है यह नोट किया जाता है कि कंपनी बिक्री और वितरण व्यय का मासिक आधार पर एक विवरण तैयार करती है। बिक्री और वितरण व्यय में कमीशन, छूट, सैम्पल, भाड़े, बिक्री बीमा, बिक्री सहायता आदि पर आने वाला व्यय शामिल है। जहां तक एसजीए व्यय का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि कंपनी प्रत्येक माह एसजीए तथा ब्याज संबंधी व्यय का विवरण तैयार करती है। एसजीए तथा ब्याज संबंधी व्यय में प्रशासनिक व्यय अप्रत्यक्ष बिक्री व्यय तथा सामान्य व्यय शामिल हैं। प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा बेचे गए पीएचपीजी डेन साल्ट तथा अन्य उत्पादों के बीच समस्त व्यय के आबंटन का सत्यापन किया। यह स्पष्ट किया गया था कि कंपनी के पास पूर्ण हुए लेखा वर्षों अर्थात 2004 और 2005 के लिए सम्परीक्षित आय विवरण इसके अलावा, कंपनी के लिए लेखा परीक्षकों द्वारा की गई सीमित लेखा परीक्षा संबंधी समीक्षा के आधार पर जून को समाप्त अवधि के लिए आय विवरण तैयार करना अपेक्षित था। कंपनी ने जून, 2004 और जून, 2005 की अवधि के लिए तथा जून, 2004, दिसंबर, 2004, जून 2005, दिसंबर 2005 तथा जुलाई 2004, - जून 2005 की अवधि के लिए आय विवरण उपलब्ध कराया है ताकि जांच अवधि के लिए आंकड़े संकलित किए जा सके।

57. जहां तक स्वयं की खपत, भारत को निर्यात तथा अन्य देशों को निर्यात हेतु उत्पादन लागत के निर्धारण का संबंध है, कंपनी ने उत्पादन स्तर तक लागत पर विचार करके उत्पादन लागत विवरण तैयार किया है। इस सकल उत्पादन लागत में से आबद्ध खपत घटा दी गई है। उत्पादन लागत पर इसी स्तर पर विचार किया गया है। अत: प्रत्यक्ष बिक्री व्यय, एसजीए तथा ब्याज को स्टॉक परिवर्तन हेतु समायोजन के बाद बिक्री लागत के निर्धारण हेतु जोड़ दिया गया है। इस प्रयोजनार्थ जांच अवधि के लिए

निर्यातक की सत्यापित उत्पादन लागत पर विचार किया गया है। लागत का निर्धारण कच्ची सामग्री की लागत, उसकी खपत से जुड़े कारकों तथा जांच अवधि में भारित औसत कीमत के संबंध में किया गया है। परिवर्तन लागत का निर्धारण जांच अवधि के दौरान किए गए व्यय को ध्यान में रखकर किया गया है।कारोबार के अनुपात में विचाराधीन उत्पाद को विभाजित कर कंपनी केएससी व्यय को ध्यान में रखते हुए बिक्री, सामान्य तथा प्रशासन (एसजीए) व्यय को जोड़ दिया गया है। प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा अर्जित समग्र लाभ को ध्यान में रखते हुए लाभ का निर्धारण किया है। इस प्रकार से निर्धारित सामान्य मूल्य *** अम. डॉलर बनता है।

58. जहां तक बिक्री का संबंध है, मै. केएससी, सिंगापुर ने भारत को अपनी समस्त बिक्री केएनके, जापान के जरिए की है। भारत के मामले में सभी बिक्रियां भारत के एजेंटों के जरिए की गई हैं। कंपनी के प्राथमिक रूप से दो एजेंट हैं- एपीसी कॉरपोरेशन और सैमपार्क। वस्तुओं के बीजक केएनके, जापान द्वारा तैयार किए जाते हैं। केएससी द्वारा केएनके के मार्जिन हेतु समायोजन के पश्चात् केएनके, जापान के संबंध में बीजक तैयार किए जाते हैं। सिंगापुर में घरेलू बिक्रियों के संबंध में भी बिक्री सहायता शुल्क का भुगतान किया जाता है। यह नोट किया जाता है कि जापान के, प्रदत्त बिक्री सहायता शुल्क की विधिवत सूचना बिक्री सहायता शुल्क के रूप में बिक्री विवरण में दी गई है। जापान के जरिए बिक्री के संबंध में जापान द्वारा जोड़ा गया मार्जिन केएनके जापान तथा केएससी सिंगापुर की बिक्री बीजक की राशि में से निकाला गया है। जहां तक कमीशन का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि कंपनी ने कीं गई विभिन्न बिक्रियों पर कमीशन का भुगतान किया है जिसमें भारत को की गई बिक्री पर प्रदत्त कमीशन शामिल है। इसके अलावा, ऋण अवधि की जांच विभिन्न रिकॉर्डों से की गई थी। शिपर के बीजक से समुंद्री भाड़े के लए व्यय का निर्धारण किया गया है। तथापि एक से अधिक पोतलदान के जरिए बेची गई वस्तु के लिए शिपर के एक संयुक्त बीजक के मामले में समुंद्री भाड़े का निर्धारण बीजक में शामिल भारत के अनुपात में किया गया है। समुंद्री बीमा का निर्धारण बीमा पॉलिसी तथा भुगतान वाउचर से किया गया है। यह नोट तथा सत्यापित किया जाता है कि पत्तन व्यय, समुंद्री भाड़े तथा निर्यात से जुड़े अन्य सभी खर्चों को शिपर द्वारा जारी किए गए समुंद्री भाड़ा बीजक में शामिल किया गया हैं। इस प्रकार समस्त व्यय को घटाने के बाद केएससी के लिए भारत हेतु कारखाना स्तर पर निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। प्रकटन विवरण के उत्तर में मै. कनेका ने प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाटन मार्जिन का विरोध किया है । कंपनी ने यह दावा किया कि निर्धारित पाटन मार्जिन गलत है और कारखाना निर्यात कीमत के निर्धारण हेतु सामान्य मूल्य एवं सीआईएफ निर्यात कीमत के निर्धारण के प्रयोजनार्थ उत्पादन लागत तथा लाभ मार्जिन के संबंध में पुनर्विचार अपेक्षित है । निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कंपनी के दावों की जांच की और यह पाया कि सीआईएफ निर्यात कीमत पर विचार करने में वस्तुत: टंकण संबंधी त्रुटि थी और इसलिए उसे सुधार दिया गया है । प्राधिकारी उत्पादन लागत से संबंधित निर्यातक के दावे से सहमत नहीं हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि कंपनी ने आबद्ध खपत, भारत को निर्यात तथा अन्य देशों को निर्यात हेतु अलग-अलग उत्पादन लागत का दावा किया है । तथापि,

प्राधिकारी ने अलग-अलग बाजारों (आबद्ध खपत सहित) के लिए भारित औसत उत्पादन लागत को अपनाना उचित समझा है । यह पाया गया था कि उत्पादन लागत में गणना संबंधी त्रुटि थी जिसे भी सुधार दिया गया है । कनेका ने प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आयातों की पहुंच कीमत का विरोध किया । कंपनी ने तर्क दिया कि जांच अवधि में सीमा शुल्क में 20 और 15% के बीच का अंतर है और इसलिए प्राधिकारी को बीजक की तारीख को ध्यान में रखने के बाद भारित औसत सीमाशुल्क पर विचार करना चाहिए । तथापि, प्राधिकारी ने संगत अवधि के दौरान निर्यातित मात्रा पर विचार किए बिना इस संबंध में लागू सुसंगत पद्धति के अनुसार जांच अधिकारी के दौरान लागू साधारण औसत सीमा शुल्क पर विचार किया है ।

59. मै. केएससी, सिंगापुर के लिए पाटन मार्जिन 12.49% अथवा **** प्रति. डॉलर निर्धारित किया गया है।

परिवर्तित परिस्थितियों का स्थायी स्वरूप और पाटन की संभावना- विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा दिए गए तर्क

60. प्राधिकारी द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया के अनुसार इस बात की जांच की गई थी कि क्या परिवर्तित परिस्थितियों को स्थायी स्वरूप भी कहा जा सकता है अथवा यदि पाटन रोधी शुल्क समाप्त कर दिया जाता है तो क्या पाटन की पुनरावृत्ति की संभावना रहेगी। मै. केएससी ने यह अनुरोध किया है कि वर्तमान जांच अवधि में भारत को निर्यात की कीमत सामान्य मूल्य से अधिक है। घरेलू उद्योग ने यह दावा किया है कि कच्ची सामग्री की कम कीमत के आधार पर कम उत्पादन लागत के बारे में केएससी का दावा तथ्यों से परे है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि अधिकांश कच्ची सामग्रियों की कीमतों में वृद्धि हुई है और यह वृद्धि कुछेक कच्ची सामग्रियों की कीमत में हुई कमी की तुलना में काफी अधिक है। कच्ची सामग्री की उच्च कीमत, सॉल्वेंट की उच्च कीमत, कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण उच्च उपयोगिता लागत, कम क्षमता उपयोग, ऊपरी खर्चों में सामान्य वृद्धि, लेखानीति में परिवर्तन के मद्देनजर अपनी सहायक कंपनियों के लिए मूल कंपनी के व्यय के आबंटन के साथ केसी की वार्षिक रिपोर्ट में सूचित एसजीएण्डए व्यय में बढ़ोतरी से निश्चित रूप से परिकलित सामान्य मूल्य में वृद्धि होगी तथा पाटन मार्जिन अधिक बनेगा।.

निर्यात कीमत में और कटौती की कोई संभावनाएं नहीं

61. घरेलू उद्योग में अपने दिनांक 15 दिसंबर, 2005 के गोपनीय निवेदन में सिंगापुर से पी.एच.पी.जी. डेन साल्ट की निर्यात कीमत की प्रवृत्ति प्रस्तुत की है। वित्त वर्ष 1998-99 के बाद पिछले 7 वर्ष में कीमत की प्रवृत्ति में लगातार कम होते रहने का रूख रहा है और पी.एच.पी.जी. डेन साल्ट की कीमत वित्त वर्ष 1998-99 के दौरान **** अम.डा./मी.ट. से कम होकर वित्त वर्ष 2004-05 के दौरान **** अम.डा./मी.ट. हो गई है अर्थात वित्त वर्ष 1998-99 से लगभग 48% की कमी हुई है। घरेलू उद्योग ने

यह भी कहा है कि निर्यातक का यह दावा कि कीमत में कमी उत्पादन लागत में कमी होने के कारण हुई है, के.एस.सी. द्वारा साबित नहीं किया गया है। के.एस.सी. के अपने दावे के अनुसार कच्ची सामग्री की कीमतों में कुछ कमी केवल 25% तक हुई है जबकि मुख्य कच्ची सामग्री की कीमतें 53% तक काफी बढ़ गई है। तदनुसार निर्यात कीमत में और कमी होने की कोई संभावनाएं नहीं हैं, का के.एस.सी. का दावा रिकार्डों में उपलब्ध तथ्यों के विपरीत है। तथापि, मै. के.एस.सी. ने विभिन्न कारणों से कच्ची सामग्री की लागतों में पर्याप्त कमी होने का दावा किया है जैसा कि उसने प्राधिकारी को प्रस्तुत अपने निवेदन में उल्लेख किया है।

ड **भारत को निर्यात के संबंध में इसके व्यवहार का अंतिम स्वरूप**

62. मै. के.एस.सी. ने यह दावा किया है कि प्रस्तावित जांच अवधि के दौरान और कीमतों वर्तमान रूख में वास्तविक पाटन मार्जिन को ध्यान में रखते हुए पाटन जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति होने की कोई संभावना नहीं है। इसके विपरीत उत्तरदाता ने यह दावा किया है कि विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने **** अम.डा./मी.ट. की पी.एस.पी.सी. डेन साल्ट की निर्यात कीमत के आधार पर और **** अम.डा./मी.ट. की पी.एच.पी.सी. डेन साल्ट की कीमत के वर्तमान रूख को ध्यान में रखते हुए मूल जांच में पाटन मार्जिन निर्धारित किया था इसलिए यह स्पष्ट हैं कि पाटन लगातार बढ़ रहा है और यदि मौजूदा पाटन रोधी शुल्क हटा लिया जाए तो यह जारी रहेगा और बढ़ेगा।

ढ. **प्राधिकारी द्वारा जांच**

63. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत विभिन्न तर्कों की जांच की थी। घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि पी.एच.टी.एन. लागत ढांचा उपलब्ध नहीं कराया गया है। उसने यह तर्क भी दिया है कि पी.एच.टी.एन. एक सहबद्ध कंपनी से खरीदा गया है। यह भी तर्क दिया गया है कि जांच अवधि के बाद पी.एच.टी.एन. की कीमतें कम हो गई हैं और इसलिए पाटन की संभावना है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का यह तर्क कि कनेका पी.एच.टी.एन. का उत्पादन करता है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। पी.एच.टी.एन. का कोई उत्पादन नहीं है और उसे कनेका जापान द्वारा बाजार से खरीदा जाता है और कनेका सिंगापुर को भेजा जाता है। यह तथ्य कि क्या पी.एच.टी.एन. की कीमतें कम हुई हैं अथवा नहीं, जांचाधीन कंपनी से संबंधित तथ्यों का मामला है। प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रस्तुत पी.एच.टी.एन. की खरीद सौदेवार विवरणों की जांच की है। मूल जांच अवधि के दौरान की गई खरीद के ब्योरों की भी जांच की गई थी। यह पाया गया है कि कंपनी ने अपने आपूर्ति स्त्रोत के **** से ****** कर दिया है जिसके फलस्वरूप कीमतें काफी कम हो गई हैं। यह भी मालूम हुआ है कि कनेका जापान ने वास्तव में अप्रत्यक्ष बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों को ध्यान में रखते हुए लाभ पर कनेका सिंगापुर को बिक्री की है। इस प्रकार जांच से यह मालूम नहीं हुआ है घरेलू उद्योग का दावा तथ्यात्मक रूप से सही है। यह भी कहा

गया है कि घरेलू उद्योग ने ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जिससे यह साबित हो सके कि आवेदन का दावा गलत है।

64. घरेलू उद्योग ने यह निवेदन किया है कि निर्यात कीमत कम हो गई है इसलिए पाटन मार्जिन में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह मानने का कोई आधार नहीं है कि निर्यात कीमत में कमी होने के कारण पाटन मार्जिन में वृद्धि होगी। पाटन मार्जिन सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के साथ जुड़ा है। यह नोट किया जाता है कि सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत में अवधि के दौरान कमी आई है।

65. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि कच्ची सामग्री की कीमतें वस्तुत: बढ़ी है। तथापि जांच से यह साबित हुआ है कि कच्ची सामग्री की कीमतें वस्तुत: कम हुई है। जहां तक आवेदन का संबंध है। प्राधिकारी ने उपलब्ध रिकार्डों से जांच की है।

66. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि उत्पादन लागत बढ़ गई है। तथापि, यह नोट किया जाता है उत्पादन लागत केवल आवेदकों के लिए ही कम नहीं हुई है बल्कि घरेलू उद्योग के लिए भी कम हुई है। वास्तव में घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत आवेदकों के उत्पादन की लागत से पर्याप्त रूप से कम हुई है।

67. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया था कि पाटन के बढ़ने की संभावना है क्योंकि रोजगार कम हो गया है तथापि इस तर्क के लिए आधार नही है कि रोजगार की कमी होने के कारण अत्यधिक पाटन होगा।

68. इस प्रकार प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि जबकि आवेदक (निर्यातक) कनेका के तर्क इस धारण पर आधारित थे कि जांच अवधि के दौरान कोई पाटन नहीं हुआ था और पाटन के होते रहने की कोई संभावना नहीं थी परंतु प्राधिकारी को यह मालूम हुआ कि वस्तुएं पाटित कीमतों पर भारत में निर्यात की गई है। घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया था कि कच्ची सामग्री की कीमतें वास्तव में बढ़ी हैं तथापि जांच से यह साबित हुआ था कि कच्ची सामग्री की कीमतें वस्तुत: जहां तक आवेदन का संबंध है कम हुई है। प्राधिकारी उचित सत्यापन के पश्चात उपलब्ध रिकार्डों के आधार पर आगे बढ़े हैं इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि उत्पादन की लागत में वृद्धि हुई है। तथापि यह नोट किया जाता है कि उत्पादन की लागत केवल आवेदनों के लिए ही नहीं कम हुई है परंतु घरेलू उद्योग के लिए भी कम हुई है। वास्तव में घरेलू उद्योग की उत्पादन की लागत आवेदकों के उत्पादन की लागत की तुलना में पर्याप्त रूप से कम हुई है तथापि यह तथ्य मौजूद है कि पाटन मार्जिन निरंतर सकारात्मक रहा है और जांच अवधि के दौरान पर्याप्त पाटन हुआ है जैसा कि मूल जांच के दौरान हुआ था इसके अलावा निर्यातक के पास अपने देश के संबंध वस्तु के उत्पादन के लिए पर्याप्त क्षमता है और उनके पास संबंध वस्तु की पर्याप्त बिक्रीयां नही है तथा भारत के निर्यात में उनके कुल उत्पादन और बिक्रीयों का बहुत कम हिस्सा है। उपर्युक्त के आधार पर

यह समझा जाता है कि जांच अवधि के लिए पहले पैराग्राफों में पहले निर्धारित पाटन मार्जिन के अलावा पाटन की अत्यधिक संभावना है।

क्षति

विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क और प्राधिकारी द्वारा की गई जांच

69. आवेदक द्वारा यह निवेदन किया गया है कि भारतीय उत्पादक को याचिकाकर्ताओं द्वारा किए गए निर्यातों के कारण कोई लगातार क्षति नहीं हुई है। निर्यात अग्रिम लाइसेंस के तहत ही किए गए थे और घरेलू उद्योग को अत्यधिक लाभ देने की अनुमति देते हुए बहुत अधिक पाटनरोधी शुल्क का भुगतान करने के बाद किए गए थे। इस प्रकार घरेलू उद्योग को संबंध वस्तुओं के पाटन के कारण किसी भी तरह क्षति नहीं रही थी। इसके अतिरिक्त निर्यातक द्वारा यह दावा किया गया है कि मै. द्वारा किए गए अत्यधिक विस्तार से यह मालूम होता है कि कोई लगातार क्षति नही हुई है। याचिकाकर्ताओं ने कंपनी द्वारा किए गए विस्तार के लिए व्यापक जांच करने का अनुरोध भी किया है। यह भी कहा गया है कि कनेका द्वारा निर्यातों की पहुंच कीमत इस तथ्य के कारण बैंच मार्ग से बहुत कम थी कि निर्यात अग्रिम लाईसेंस के अंतर्गत थे, पाटनरोधी शुल्क जिसका भुगतान किया गया था बैंच मार्ग से कम नही हो सकती थी। इससे इस बैंच मार्ग से कम कीमत पर बिक्री करने के लिए दोराला को कोई वंचित नहीं कर सकता है। यह भी तर्क दिया गया था कि यदि दोराला को बैंच मार्ग से कम कीमत पर बेचने के लिए इसे वांचित नहीं किया था यह भी तर्क दिया था यदि दोराला नें बैंच मार्ग से कम कीमत पर संबंद्ध वस्तु की बिक्री की होती तो भी उनको वित्तीय घाटा नहीं होता। इससे ये साबित होता है कि दोराला को क्षति होने के कारण यह भी तर्क दिया गया है कि दोराला द्वारा दावा की गई क्षमता वृद्धि धोखे बाजी है। तथ्य यह है कि कंपनी ने संयत्र की दोहरी स्थापना की योजना बनाई थी। पहले स्तर को पहले स्थापित किया गया था यह तथाकथित विस्तार कुछ नहीं था परंतु संयत्र की दूसरी अवस्था थी। वास्तव में इसके कारण प्राधिकारी द्वारा पहलें मूल्यांकित उत्पादित लागत जो निर्धारण का आधार थी असमान्य रूप से अधिक थी जिसको अब पर्याप्त रूप से कम होना चाहिए था। यह भी तर्क दिया था कि मैसर्स दोराला भारत में अपनी बिक्री कीमत से पर्याप्त रूप से कम कीमत पर उत्पाद का निर्यात कर रहा है और अनेक देशों में निर्यात हो रहा है। वास्तव में दोराला अत्यधिक वित्तीय घाटों पर विश्व बाजार में निर्यात करके कनेका के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा कर रहा था, यह भी तर्क दिया गया है कि भारत सरकार ने यूरोप से होने वाले उत्पादन से पाटनरोधी शुल्क हाल में ही हटा लिया था। इसलिए घरेलू उद्योग पर ऐसे पाटित उद्योगों के प्रभाव को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। यह भी तर्क दिया गया है मैसर्स दोराला की पी.एच.पी.जी. डेन साल्ट बनाने की प्रौद्योगिकी उनके द्वारा विकसित नहीं की गई है परंतु यूरोप से खरीदी गई है और इस प्रकार के संभवत: लाइसेंस फीस और/अथवा रायल्टी का भुगतान कर रहें हो जिससे उनका उत्पाद खर्चीला बन रहा है।

70. दूसरी और घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि पी.एच.पी.जी. डेन साल्ट पर पाटन रोधी शुल्क हटाने की मध्यावधि समीक्षा सिंगापुर से अकेले निर्यातक के अनुरोध पर शुरू की गई है। ऐसे मामले में कि जाने वाली जांच यह होनी चाहिए कि क्या लागू पाटनरोधी शुल्क में हटाए जाने से घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहेगी अथवा दोबारा होगी इस प्रकार वास्तविक क्षति की मौजूदगी पाटन रोधी शुल्क के जारी रहने के लिए पूर्व अनुरोध नहीं है चाहे घरेलू उद्योग ने यह समझा हो कि संबद्ध सामग्री के आयात के फलस्वरूप क्षति जारी हो।

71. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकरों द्वारा प्रस्तुत तर्कों की जांच की है ए.डी.ए. के अनुच्छेद-3.1 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंधों में (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पादों के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर आयातों पर प्रभाव, और (ख) पाटित आयातों की मात्रा के प्रभाव के बारे में ऐसे उत्पादों का घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव दोनों की सकारात्मक जांच के लिए प्रावधान है।

72. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को यह जांच करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित आयातों वास्तविक रूप से अथवा भारत में उत्पादन अथवा खपत के संबंध में पर्याप्त वृद्धि हुई है। तथापि वर्तमान जांच मौजूदा शुल्कों की मध्यावधि समीक्षा होने के कारण जांच से संबंधित यह है कि क्या पाटनरोधी शुल्क को समाप्त करने के फलस्वरूप आयातों की पुनरावृत्ति होने अथवा जारी होने की संभावना होगी। आयातो की मात्रा और उन कीमतों के स्तर जिन पर भारत को वस्तुओं का आयात दिया गया है पाटन रोधी के मौजूद होने के बावजूद उसके कारण यह संभावना है कि यदि विद्धान पाटनरोधी शुल्क को हटा लिया जाए तो आयातों की मात्रा में और वृद्धि होने की संभावना होगी।

73. संबद्ध देशों से आयातों की बाजार हिस्से की मात्रा, अन्य देशों से आयात और भारत में मांग और खपत के संबंध में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से को भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग का मूल्यांकन करने के पश्चात निर्धारित किया गया था भारत में मांग/खपत का मूल्यांकन आयातों और उद्योग की घरेलू बिक्रीयों के जोड़ के रूप में किया गया था। पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात यह जांच की गई थी कि यदि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में वृद्धि होने से संबद्ध देश के आयातों के बाजर हिस्से में कमी होगी। वास्तविक रूप से यह नोट किया गया था कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में बढ़ोत्तरी होने की अपेक्षा कमी आई है। उसी समय बाजार हिस्से में कमी आने की तुलना में संबद्ध पाटित आयातों में बाजार के हिस्से में पर्याप्त बढ़ोत्तरी हुई है।

74. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए यह विचार करना आवश्यक है कि क्या भारत में समान उत्पाद कि कीमत की तुलना में पाटित आयातों से अत्यधिक कीमतें कम हुई है अथवा अन्य प्रकार से ऐसे आयातों के प्रभाव से पर्याप्त मात्रा में कीमतें कम हुई हैं अथवा कीमतों में वृद्धि को रोका गया है जो पर्याप्त मात्रा में बढ़ सकती थी प्राधिकारी ने करों और शुल्कों, छूटों डिस्काउंट तथा

अन्य कमीशनों और भाड़े तथा परिवहन को छोड़कर घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत को ध्यान में रखते हुए निवल बिक्री वसूली का निर्धारण किया है। घरेलू उद्योग की समस्त बिक्री मात्रा को गणना में शामिल किया गया है आयातों की पहुंच कीमत 1% प्रभारों और लागू मूल सीमा शुल्क के साथ भारित औसत सीआईएफ आयात कीमत को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई है। तुलना निवल बिक्री वसूली और आयातों की पहुंच कीमत के बीच की गई है। इसे इस पर की जांच के बाद विचार किया गया कि पाटित आयातों के कारण जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

75. कीमतों को प्रभावित करने वाले घटकों के संबंध में यह नोट किया गया है कि सिंगापुर के निर्यातक पाटित कीमत पर संबद्ध सामग्री का निर्यात कर रहे हैं जिससे घरेलू उद्योग जो निर्यात कीमत की समानता करने के लिए अपनी कीमतों को कम करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

76. घरेलू उद्योग ने यह निवेदन किया है कि आयातों कि पहुंच कीमत (पाटनरोधी शुल्क के बैगर) गैर क्षति कारक कीमत की तुलना में अत्यधिक कम है। आयातों की पहुंच कीमत कंपनी की घरेलू बिक्री कीमत की अपेक्षा कम है। यह भी कहा गया है कि घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में प्रस्तावित गैर-क्षति कारक कीमत से कम कीमत पर संबद्ध बस्तुओं को बेचने के लिए बाध्य है। संबद्ध देश आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की कीमतों को अब भी कम कर रही है जबकि पाटनरोधी शुल्क लागू है और घरेलू उद्योग की वास्तविक क्षति पहुंचा रही है। पाटनरोधी शुल्क को समाप्त/हटाने की परिस्थिति में संबद्ध देश के आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में अधिक कटौती करनी पड़ेगी जिससे पुनरावृत्ति की संभावना बनेगी।

77. यह भी कहा गया है कि यद्यपि कीमत कटौती का खतरा बहुत पर्याप्त है और पाटनरोधी शुल्क को चालू रखने के लिए पर्याप्त रूप से उचित है परन्तु घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी शुल्क हटाने के प्रभाव की पुनः जांच की है और ये भी बताया है कि ऐसे आयातों से पर्याप्त मात्रा में कीमत का ह्रास होगा अथवा कीमत में वृद्धि को रोक देगा जो अन्यथा पर्याप्त मात्रा में बढ़ सकती थी। इस प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग ने उत्पादन की इकाई लागत के संबंध में सूचना प्रस्तुत की है जिसमें निवल बिक्री वसूली और इकाई लाभ/घाटा शामिल है। यह तर्क दिया गया है कि आयात चीन गणवादी गणराज्य, सिंगापुर और यूरोपीय संघ से पाटित कीमतों पर किए जा रहे थे वो घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचा रहे थे। तथापि घरेलू उद्योग की याचिका पर विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने अपनी दिनांक 20.9.2002 की अधिसूचना संख्या 51/1/2001-डीजीएडी और सीमा शुल्क दिनांक 31.10.2002 की अधिसूचना संख्या 122/2002 सीमा शुल्क तहत अपने अंतिम जाँच परिणाम के तहत चीन जनवादी गणराज्य और सिंगापुर से पीएचपीजी डेन साल्ट के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया था। बाद में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा दिनांक 7-3-2003 की अधिसूचना संख्या 14/6/2002-डीजीएडी के तहत यूरोपीय संघ से निर्यातित अथवा वहाँ के मूल के पीएचपीजी डेन साल्ट के आयात पर भी पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था। चीनगणवादी गणराज्य,

सिंगापुर और यूरोपीय संघ से पीएचपीजी के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का उपयोग कर सका और अपनी 240 मी. टन की स्थापित क्षमता (पहली जाँच के समय) को बढ़ाकर 850 मी. टन प्रतिवर्ष कर सका। यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता तो इसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग के लिए गंभीर परिणाम होते।

प्राधिकारी द्वारा जांच

78. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकरों द्वारा प्रस्तुत तर्कों की जांच की है ए.डी.ए. के अनुच्छेद-3.1 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंधों में (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पादों के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर आयातों पर प्रभाव, और (ख) पाटित आयातों की मात्रा के प्रभाव के बारे में ऐसे उत्पादों का घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव दोनों की सकारात्मक जांच के लिए प्रावधान है।

79. प्राधिकारी के लिए यह जाँच करने की आवश्यकता है कि क्या वास्तविक रूप से अथवा आयातक देश में उत्पादन अथवा खपत के सापेक्ष पाटित आयातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। तथापि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के लिए वर्तमान जाँच मध्यावधि समीक्षा है इसलिए यहाँ जाँच करने के लिए क्या संगत है, वह यह है कि क्या पाटित कीमतों पर आयात पाटनरोधी शुल्क हटाने के मामले अत्यधिक मात्रा में जारी रहेंगे। यह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि सिंगापुर से निर्यातक की फालतू के कारण इसके अत्यधिक होते रहने की संभावना है कि घरेलू बाजार में संबद्ध सामग्री कि घरेलू बिक्री नही है और भारत को निर्यात कीमतों में निरन्तर कमी हुई है।

80. कीमतों पर पाटित आयातों पर प्रभाव कि संबंध विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटन के फलस्वरूप भारत में समान उत्पाद की कीमतों की तुलना में पर्याप्त रूप से कीमतों में कटौती हो रही है अथवा इन आयातों के प्रभाव से अन्य प्रकार से कीमतों में वृद्धि रूक रही है अथवा पर्याप्त मात्रा में कीमत ह्रास हो रहा है। जांच के बाद यह समझा गया कि पाटित आयातों जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

81. घरेलू खपत/विचाराधीन उत्पाद की माँग की गणना के लिए प्राधिकारी ने भारत में कुल आयातों में घरेलू उद्योग की कुल मात्रा को जोड़ा है। घरेलू उद्योग में गोण स्रोत अर्थात अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सूचना सेवाओं से एकत्रित आँकड़ों के अधिकार पर आयात की मात्रा और कीमत निर्धारित को निर्धारित किया है। प्राधिकारी ने डीजीआईसीएंडएस से सौदेवार आाकड़े पर्याप्त किए है। आवेदकों द्वारा सूचित आयातों की तुलना से डीजीआईसीएंडएस और आईबीआईएस यह प्रर्दशित करते है कि आवेदकों द्वारा किए गए निर्यातों की वास्तविक मात्रा डीजीआईसीएंडएस और आईबीआईएस द्वारा सूचित मात्राओं से अधिक है। इसलिए प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना

के आधार पर सिंगापुर से हुए आयातों पर विचार किया है। तथापि अन्य देशों हुए आयातों पर डीजीआईसीएंडएस के सौदे द्वारा आँकड़ों के आधार पर विचार किया गया है।

मी.टन में

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
घरेलू उद्योग की बिक्रियां	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100.00	479.52	352.12	328.50
आयात-संबद्ध देश	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100.00	62.50	73.63	103.74
आयात-अन्य देश	237.25	253.80	437.05	467.05
मांग	541.03	802.00	900.03	975.33
सूचीबद्ध	100.00	148.24	166.35	180.27

82. उपर्युक्त तालिका से यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि देश में संबद्ध वस्तु की मांग में सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित हुई है जिसमें क्षति अवधि में 80% की वृद्धि हुई है ।

<u>आयात की मात्रा और बाजार हिस्सा</u>

83. जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, इस बात की जांच की गई है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन अथवा खपत की तुलना में भारी वृद्धि हुई है । पाटनरोधी नियम के अनुबंध II (ii) में निम्नानुसार उपबंध हैं :-

"पाटित आयातों की जांच करते समय उक्त प्राधिकारी इस बात पर विचार करेगा कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन अथवा खपत की तुलना में भारी वृद्धि हुई है ..... । "

84. यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान सिंगापुर से पाटित आयातों की मात्रा में समग्र रूप में वृद्धि हुई है । यह भी नोट किया जाता है कि आयातों की मात्रा से सतत आयात का पता चलता है, इसके अलावा पाटित आयातों में समग्र रूप में और उत्पादन एवं मांग की तुलना में वृद्धि प्रदर्शित होती है और इसके हिस्से में वृद्धि हुई है, जैसा कि निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है :

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
आयात				
सिंगापुर	****	****	****	****
सूची	100	62	73	103
अन्य देश	****	****	****	****
सूची	100	106.98	184.21	196.86
कुल आयात	455.1	389.95	597.45	693.05
सूची	100	85.68	131.28	152.29
कुल आयातों में सिंगापुर से आयातों का बाजार हिस्सा	****	****	****	****
सूची	100	72.93	56.09	68.12
कुल आयात	100	85.68	131.28	152.29
मांग	541.03	802	900.03	975.33
मांग में बाजार हिस्सा				
सिंगापुर	****	****	****	****
सूची	100	42.17	49.66	69.98
अन्य देश	****	****	****	****
सूची	100	72.18	110.74	109.21
कुल आयात	84.12	48.63	68.56	76.07
सूची	100	57.81	81.50	90.43
घरेलू उद्योग				
घरेलू उद्योगों का उत्पादन	****	****	****	****
सूची	100	388	768	885
घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में आयात				
सिंगापुर	****	****	****	****
सूची	100	16	9.58	11.71

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

85. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में इस बात की जांच की गई है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में भारी कटौती हुई है और क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमत में अन्यथा पर्याप्त स्तर तक कमी आई है अथवा कीमत में वृद्धि नहीं हुई है जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक हो गई होती । घरेलू बाजार पर आयातों के प्रभाव का आकलन करने के लिए क्षति अवधि की तुलना में आयात कीमतों का विश्लेषण किया गया था । निम्नलिखित तालिका से क्षति अवधि की तुलना में प्रवृत्ति का पता चलता है :-

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच क अवधि
सिंगापुर से निर्यात कीमत	****	****	****	****
सूची	100	78.84	73.33	84.90
सिंगापुर से आयात की पहुंच कीमत	****	****	****	****
सूची	100	75.81	67.69	77.56
घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतें	****	****	****	****
सूची	100	70.41	61.51	61.73
घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत	****	****	****	****
सूची	100	70.34	64.57	65.66
जांच अवधि के लिए गैर क्षतिकारक कीमत				****
कीमत कटौती				
Ø राशि	****	****	****	****
Ø % प्रतिशत	****	****	****	(5-10%)
कीमत कटौती				
Ø कटौती				****
Ø % प्रतिशत				15-25%

86. संबद्ध संबंधित उत्पाद की तुलना निर्यातित उत्पाद के पहुंच मूल्य एवं व्यापार के उसी स्तर पर असंबद्ध ग्राहकों को की गई बिक्री के लिए सभी रिबेटों और करों को छोड़कर

घरेलू बाजार के लिए घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच की गई थी । घरेलू उद्योग की कीमतों का निर्धारण कारखाना स्तर पर किया गया है । संबद्ध दरों की सीआईएफ कीमतों को ढुलाई पश्चात लागू शुल्कों के लिए समायोजित किया गया था । तुलना से यह पता चलता है कि जांच अवधि के दौरान सिंगापुर के मूल की संबद्ध वस्तु की भारतीय बाजार में बिक्री उस कीमत पर की गई थी जिससे घरेलू उद्योग की कीमत में कटौती नहीं हुई थी । तथापि, यहं नोट किया जाता है कि ऐसी स्थिति में घरेलू उद्योग पहले से ही इष्टतम से काफी कम कीमतों की पेशकश कर रहा था । यह भी नोट किया जाता है कि समूची क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमत काफी कम बनी रही । अत: प्राधिकारी का मानना है कि सिंगापुर से हुए पाटित आयातों से बिक्री कीमतों में भारी कटौती हो रही थी और साथ ही साथ घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास हो रहा था ।

घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का प्रभाव

87. निम्नलिखित पैराग्राफों में विगत वर्षों की तुलना में सिंगापुर से हुए पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन का विश्लेषण किया गया है ।

बिक्री मात्रा

88. यह अनुरोध किया गया है कि घरेलू उद्योग पीएचपीजी बेस के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी अपने आरंभिक चरण से अभी उभरा है । यदि पाटनरोधी शुल्क को हटाया गया तो सिंगापुर से सस्ते आयात होंगे और घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में भारी कमी आएगी । वस्तुत: ऐसे किसी परिदृश्य की संभावना इस तथ्य के कारण बनती है कि मै. केएससी, सिंगापुर से सकारात्मक और अत्यधिक पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है तथा पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की स्थिति में पाटन जारी रहने की भारी संभावना है ।

89. आयातों तथा बिक्रियों और उनकी प्रवृत्तियों के बारे में ब्यौरे (इकाई मी.टन)

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
घरेलू उद्योग की बिक्रियां	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100	479.52	352.12	328.5
आयात-संबद्ध देश	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100	62.5	73.63	103.74
आयात अन्य देश	237.25	253.8	437.05	467.05
मांग	541.03	802	900.03	975.33
मांग में घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा	****	****	****	****
सूची	100	389.67	235.01	211.15

क्षमता उपयोग

90. जांच अवधि के दौरान कंपनी **** % की क्षमता उपयोग पर प्रचालन कर रही थी । घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया कि यदि पीएचपीजी डेन सॉल्ट पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क समाप्त किया जाता है तो इससे सिंगापुर से पाटित वस्तुओं की भरमार हो जाएगी । इसके परिणामस्वरूप क्षमता उपयोग में भारी गिरावट आएगी । यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग , घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु की कीमत कम करने के बाद ही अधिक उत्पादन और बिक्री करने में समर्थ हुआ है ।

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
क्षमता	****	****	****	****
सूची	100	108.1212	145.4545	145.4545
उत्पादन	****	****	****	****
सूची	100	388.4615	768.4615	886.1538
क्षमता उपयोग	****	****	****	****
सूची	100	359.48	528.2181	609.0044

लाभकारिता

91. पीएचपीजी बेस और डेनसॉल्ट पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात पिछले वर्ष की तुलना में घरेलू उद्योग के घाटे कम हो गए हैं क्योंकि उत्पादन में वृद्धि हुई है जिसके फलस्वरूप अधिक उत्पादन पर निर्धारित लागत सामान्य हुई जिसकी वजह से उत्पादन की लागत कम रही । तथापि, यह तर्क दिया गया है कि यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता तो इसके फलस्वरूप पाटित आयातों के कारण कम बिक्री की मात्रा की वजह से घाटों में और अधिक बढ़ोत्तरी होती । इससे अधिक उत्पादन लागत आजी और इसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग को अधिक घाटे होते ।

बिक्री कीमत का सरल और पीबीटी

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
बिक्री कीमत (रू./किग्रा.)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	70.41	61.51	61.73

उत्पादन की लागत (रू./किग्रा.)	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	70.34	64.57	65.69
कर पूर्व लाभ (रू./किग्रा.)	(****)	(****)	(****)	(****)
प्रवृत्ति	-100	(69.91)	(83.41)	(89.91)

नकदी प्रवाह पर प्रतिकूल प्रवाह

92. यह निवेदन किया गया है कि घरेलू उद्योग के लिए संबद्ध सामग्री का अलग से नकदी प्रवाह तैयार करना बहुत कठिन होगा । तथापि, जैसे कि पहले उल्लेख किया गया है कि घरेलू उद्योग संबद्ध सामग्री पर घाटे उठा रहा है और उसे प्रतिकूल नकदी प्रवाह का सामना करना पड़ रहा है ।

माल सूची

94. वास्तविक संख्या में माल सूची में लगभग 300% की वृद्धि हुई है जबकि बिक्री मात्रा में प्रतिशत के अनुसार आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान कमी आई है ।

माल सूची का विवरण (मी.टन में इकाई) :

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
माल सूची	****	****	****	****
बिक्री के प्रतिशत के रूप में माल सूची	8.93	3.85	2.29	7.47

निवेश पर लाभ

95. कीमत ह्रास के कारण घरेलू उद्योग अपने निवेश पर घाटा उठा रहा है और इस समय अपने प्रचालन घाटे पर कर रहा है और निवेश पर नकारात्मक लाभ हो रहा है । तथापि, पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात घाटों में कमी आई है । तथापि, संबद्ध देश में निर्यातकों की फालतू क्षमता और उनके मजबूत निर्यात अभिमुखीकरण तथा कम घरेलू बिक्री के कारण यह मालूम होता है कि यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो घरेलू उद्योग के घाटों में वृद्धि होगी और निवेश पर होने वाले लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

वेतन

96. यह देखा गया है कि जांच अवधि के दौरान बढ़े हुए उत्पादन को पूरा करने हेतु कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है । तथापि, प्रति यूनिट मीट्रिक वेतन बढ़े हुए उत्पादन के कारण कम हुए हैं ।

वेतन का ब्यौरा:

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
कर्मचारी (सं.)	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100	134	200	200
प्रति मी. टन वेतन	****	****	****	****
सूचीबद्ध	100	37.25	27.29	22.74

पूंजी निवेश जुटाने की योग्यता

97. भारत में पीएचपीजी डेन सॉल्ट की मांग घरेलू उद्योग की मौजूदा क्षमता की तुलना में अधिक है और घरेलू उद्योग अभिभावक कंपनी की मदद के जरिए मौजूदा क्षमताओं की बाधाओं को पार करके घरेलू बाजार की समस्त मांग पूरी कर सकता है । तथापि, संबद्ध देश से अनुचित कीमतों पर पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग इस प्रयोजन के लिए घरेलू बाजार से पूंजी जुटाने की स्थिति में नहीं हो सकता ।

रोजगार (तथाकथित पाटित आयातों में वृद्धि होने के कारण कर्मचरियों की छुट्टी)

98. इस उत्पाद के लिए समर्पित कंपनी के अनेक कर्मचारियों ने इस तथ्य के कारण पिछले तीन वर्षों से पर्याप्त रूप से परिवर्तन (वृद्धि) कर ली है कि कंपनी का उत्पादन बढ़ गया है । क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है ।

संविदाएं प्राप्त करने अथवा बिक्रियों में गिरावट आने का साक्ष्य

99. यह निवेदन किया गया है कि निर्यात कीमतों में अत्यधिक कमी आने के कारण आयातक घरेलू उद्योग को आयातित कीमतों के साथ समानता करने के लिए बाध्य कर रहे हैं । यह भी निवेदन किया गया है कि घरेलू उद्योग इतनी कम कीमत पर संबद्ध वस्तु को उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं हैं । ईओएल सीमा लागत भी वसूल नहीं कर सकता है जिसके फलस्वरूप ग्राहक समाप्त हो रहे हैं । वास्तव में ऐसी स्थिति से घरेलू उद्योग को पर्याप्त घाटे होने की संभावना है ।

लाभकारिता (याचिकाकर्ताओं और उद्योग के लिए लाभ स्तरों का इतिहास)

100. जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है कि घरेलू उद्योग अपने प्रारंभ से घाटे में प्रचालन कर रहा है । यद्यपि मात्राओं में वृद्धि हुई है परंतु कीमत की ओर घरेलू उद्योग को बिल्कुल लाभ नहीं हुआ है और कंपनी को लगातार घाटा हो रहा है ।

आयातों की मात्रा

101. पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है । तिाापि यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो आयातों की मात्रा में अत्यधिक वृद्धि हो सकती है जैसे कि यह पाटनरोधी शुल्क लगाने से पहले बढ़ी थी । पाटित आयातों से बाजार हिस्सों में और लाभ हो सकता है ।

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
आयात मी.टन				
सिंगापुर	****	****	****	****
सूची	100	62.50	73.63	103.74
अन्य देश	****	****	****	****
सूची	100	106.98	184.21	196.86
कुल आयात	****	****	****	****
सूची	100	85.68	131.28	152.29

पाटन की मात्रा

102. उस मात्रा के सूचक के रूप में पाटन की मात्रा, जिस पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है, से मालूम होता है कि सिंगापुर के विरूद्ध निर्धारित पाटन मार्जिन जांच अवधि के दौरान पर्याप्त है जबकि पाटनरोधी शुल्क लागू है ।

उत्पादन

103. पाटनरोधी शुल्क लगाने से पूर्व घरेलू उद्योग का उत्पादन बहुत कम था । इसमें पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात वृद्धि हुई है । तथापि, यह निवेदन किया गया है कि यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो उसमें गिरावट आएगी ।

	2002-03	2003-04	2004-05	जांच अवधि
घरेलू उद्योग का उत्पादन मी.टन	****	****	****	****
प्रवृत्ति	100	388.71	768.31	885.80

वृद्धि

104. अधिकांश मात्रा के मानदंड जांच अवधि के दौरान सकारात्मक वृद्धि सूचित करते हैं । तथापि, कीमत मानदंडों से प्रतिकूल कीमत प्रभाव मालूम होता है । घरेलू उद्योग के निवेश पर लाभ लगातार क्षति निर्धारण की अवधि में नकरात्मक क्षेत्र में रहा है और इसी प्रकार कंपनी का नकद लाभ अथवा लाभ रहा है ।

105. घरेलू उद्योग विचाराधीन अवधि के दौरान पहले ही प्रतिकूल था और यह संभावना है कि पाटनरोधी उपाय किए बगैर बहुत कम कीमतों पर भारतीय बाजार में उत्पाद की पर्याप्त रूप से अधिक मात्राएं भेज दी जाएगी । इससे घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो जाएगी ।

106. मामले की जांच की गई है और यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग को चीन से पाटित आयातों के फलस्वरूप क्षति हो रही है और वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को हटाने से भारतीय बाजार में कीमतें और कम होंगी क्योंकि घरेलू उद्योग के पास अपना उत्पादन कम करने की अपेक्षा अपना बाजार हिस्सा बनाए रखने के लिए एकमात्र विकल्प होगा । इसके बदले, घरेलू उद्योग की लाभकारिता और कम हो जाएगी । घरेलू उद्योग को बाजार से बाहर होने के लिए भी बाध्य होना पड़ सकता है । यद्यपि, जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से कोई वर्तमान मूल्य कटौती नहीं है । (यह पहली क्षति अवधि में पर्याप्त रही थी) परंतु यह समझा जा सकता है कि इस तथ्य के कारण घरेलू उद्योग की कीमतें पहले ही कम हो गई थीं ।

107. यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी के लिए यह जांच करना आवश्यक है कि क्या वास्तविक रूप से अथवा उत्पादन के सापेक्ष अथवा आयातक देश में खपत के अनुसार आयातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है । तथापि, वर्तमान जांच मध्यावधि समीक्षा होने के कारण यहां क्या जांच की जानी संगत है कि क्या पाटनरोधी शुल्क लगाने के मामले में पाटित कीमतों पर आयात पर्याप्त मात्रा में जारी रहेंगे । इस मामले में निर्यातक के पास अपने देश में संबद्ध वस्तु के उत्पादन हेतु विपुल क्षमता है और उनकी संबद्ध वस्तु की पर्याप्त घरेलू बिक्री भी नहीं होती है और भारत को हुए निर्यात उनके कुल उत्पादन तथा बिक्री का छोटा हिस्सा है । पूर्वोक्त के आधार पर यह माना जाता है कि संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण क्षति के जारी रहने की प्रबल संभावना है ।

क्षति संबंधी निष्कर्ष

108. एडीए पाटनरोधी अधिनियम के अनुच्छेद 3.1 और एडी नियमावली के अनुबंध-II में (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पादों के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव तथा (ख) पाटित आयातों की मात्रा के प्रभाव के संबंध में ऐसे उत्पादों की घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों का परिणामी प्रभाव दोनों की सकारात्मक जांच करने की व्यवस्था है । प्राधिकारी के लिए यह जांच करने की आवश्यकता है कि क्या वास्तविक रूप से अथवा आयातक देश में उत्पाद उत्पादन अथवा खपत के सापेक्ष आयातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है । तथापि, वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने हेतु वर्तमान जांच एक मध्यावधि समीक्षा होने के कारण यहां यह जांच करना संभव है कि क्या पाटनरोधी शुल्क न लिए जाने के मामलों में पाटन कीमतों पर आयात पर्याप्त कीमतों पर जारी रहेंगे । घरेलू बाजार में संबद्ध सामग्री बहुत कम बिक्री को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर के आयातक के पास फालतू क्षमता होने के कारण इस स्थिति की अत्यधिक संभावना है । विगत की तुलना में घरेलू उद्योग का कार्य-निष्पादन ऐसा रहा है कि पाटनरोधी शुल्क को हटाने से घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । यह अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की स्थिति के बारे में घरेलू उद्याग से संबंधित अनेक आर्थिक मानदंडों से स्पष्ट है । क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्रियों के संबंध में यह देखा गया है कि इन मानदंडों से इस तथ्य की दृष्टि से पहले के वर्षों की तुलना मे जांच अवधि के दौरान कोई प्रतिकूल प्रवृत्ति प्रदर्शित नहीं हुई कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जब घरेलू उद्योग का उत्पादन स्थिर हुआ मालूम होता है । तथापि, घरेलू बिक्री कीमतें क्षति की जांच अवधि के दौरान लगातार कम रही हैं और इस तथ्य के बावजूद जांच अवधि के दौरान कम कीमत पर बिक्रियां होती रही हैं कि पाटनरोधी शुल्क लागू है । संबंधित देश से पाटन मार्जिन सकारात्मक और पर्याप्त रहा है । इसके अतिरिक्त, जांचद किए गए मानदंडों के आधार पर लगातार अत्यधिक संभावना है तो क्या पाटनरोधी उपायों को समाप्त कर दिया जाए । यह भी कहा गया है कि वर्तमान समीक्षा मध्यावधि समीक्षा जांच होने के कारण यह जांच करना अधिक संगत है कि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को हटा लिए जाने से बिक्री मात्रा में पर्याप्त कमी आने की संभावना होगी । घरेलू उद्योग ने इस संबंध में यह निवेदन किया है कि मौजूदा कीमत ह्रास और कमी के स्तर के कारण घरेलू उद्योग को बिक्री मात्राओं का पर्याप्त घाटा सहन करना पड़ेगा (यदि घरेलू बिक्री कीमत बढ़ाई जाए) अथवा घाटे होंगे (यदि कीमतें इसी स्तर पर रखी जाएं) क्या वर्तमान पाटनरोधी शुल्क हटाए जाने चाहिए ? प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग से संबंधित क्षति मानदंडों की जांच की है । यह मालूम होता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से पहले घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग केवल 32% था । तथापि, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के पश्चात जांच अवधि के दौरान क्षमता उपयोग बढ़ाई गई स्थापित क्षमता पर बढ़कर 100% तक हो गया है । कीमतों के बारे में यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में निरंतर गिरावट आई है । कीमतों में गिरावट पर्याप्त हुई है । यह तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग कम कीमतों पर उत्पाद का निर्यात कर रहा है । तथापि,

घरेलू उद्योग का यह तर्क है कि वह देश में पाटित आयात मौजूद होने के कारण ही निर्यात के लिए बाध्य हुआ है । घरेलू उद्योग की निर्यात मात्राएं विश्व में आयात की मात्राओं से बहुत कम हैं । इस कारण से ही घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में संगत वस्तु को बेचने में कठिनाई महसूस कर रहा है, घरेलू उद्योग के लिए किसी भी कीमत पर संभवत: निर्यात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है । पीएचपीजी बेस पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात लाभकारिता के संबंध में घरेलू उद्योग के उत्पादन के रूप में पिछले वर्ष की तुलना में घाटे कम हुए हैं क्योंकि उत्पादन में वृद्धि हुई है जिसके फलस्वरूप अधिक उत्पादन की निर्धारित लागत सामान्य हुई जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत में गिरावट आई । तथापि, यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता है तो यह निश्चित था कि घाटों में पाटित आयातों के कारण कम बिक्री की मात्रा की वजह से और वृद्धि होती इससे उत्पादन लागत और बढ़ती और इसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग को अधिक घाटे होते । जहां तक नकदी प्रवाह का संबंध है यह तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग एक बहु-उत्पाद कंपनी है । घरेलू उद्योग की नकदी प्रवाह की स्थिति पर पाटन का प्रभाव अथवा नकदी प्रवाह पर शुल्क हटाने के प्रभाव घरेलू उद्योग के नकदी प्रवाह में प्रत्यक्ष रूप से नजर न आएं । तथापि, नकद लाभों, घरेलू उद्योग की स्थिति पर नकदी प्रवाह स्थिति का प्रत्यक्ष प्रभाव होता । घरेलू उद्योग नकद लाभों में क्षति अवधि के दौरान बहुत अधिक विकृति मालूम हुई है । जैसाकि पहले कहा गया है कि सिंगापुर का निर्यातक पाटित कीमत पर संबद्ध सामग्री का निर्यात कर रहा है जिससे घरेलू उद्योग निर्यात कीमतों की समानता करने के लिए अपनी कीमतें कम करने हेतु बाध्य हो रहा है जिसकी वजह से घरेलू उद्योग को घाटे हो रहे हैं । यदि पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो घरेलू उद्योग द्वारा अभी तक प्राप्त मात्रा समाप्त हो जाएगी और कीमत ह्रास की वजह से घरेलू उद्योग को अत्यधिक घाटे होंगे । निर्यातकों के रिकॉर्ड से संकलित आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट रूप से यह मालूम होता है कि आयातों की पहुंच कीमतें (पाटनरोधी शुल्क बगैर) गैर-क्षति कारक कीमत की तुलना में अत्यधिक कम होती । इस प्रकार, घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में गैर क्षतिकारक कीमत से कम कीमत पर संबद्ध वस्तु बेचने के लिए बाध्य हैं । इस तरह उपर्युक्त जांच के आधार पर यह माना गया है कि संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को लगातार वास्तविक क्षति हो रही है और यदि संबद्ध देश से पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो इसके होते रहने की संभावना है ।

109. प्राधिकारी पूर्वोक्त पर विचार करने के पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं:

(क) सिंगापुर से भारत को संबद्ध वस्तु जिसकी सामान्य कीमत से कम कीमत पर निर्यात की गई जिसके फलस्वरूप पाटन हुआ और यदि संबद्ध देश से पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाए तो सिंगापुर से संबद्ध वस्तु का लगातार पाटन होने की संभावना है ।

(ख) घरेलू उद्योग को सिंगापुर से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण वास्तविक क्षति हो रही है ।

(ग) प्राधिकारी यह उचित समझते हैं कि सिंगापुर से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि इनके हटाने से लगातार पाटन और क्षति होती रहेगी ।

110. इसलिए, प्राधिकारी यह उचित समझते हैं कि सिंगापुर के मूल की अथवा वहां से निर्यातित पीएचपीजी डेसा. के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क जारी रहने की सिफ़ारिश की जाए । पाटनरोधी शुल्क की राशि पाटन मार्जिन अथवा क्षति मार्जिन, जो भी कम हो, उसके बराबर होगी जिसे यदि लगाया जाएगा तो घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त हो जाएगी । क्षति मार्जिन निर्धारित करने के प्रयोजनार्थ आयातों की पहुंच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग के गैर-क्षति कारक बिक्री कीमत के साथ की गई है जिसे जांच अवधि के दौरान निर्धारित किया गया था । पाटनरोधी शुल्क निम्न कॉलम 9 में उल्लिखित राशि और अमरीकी डॉलर/कि.ग्रा. में आयातों के पहुंच मूल्य का अंतर होगी बशर्ते प्रति कि.ग्रा. पहुंच कीमत निम्न मॉलम 9 में विनिर्दिष्ट राशि से कम हो ।

क्र. सं.	उपशीर्ष	वस्तुओं का विवरण	विनिर्दिष्टता	उद्गम का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	निर्यातक	राशि	माप की इकाई	मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	2942.00	पीएचपीजी डेन सॉल्ट	सभी श्रेणियां	सिंगापुर	कोई भी देश	कोई भी उत्पादक	कोई भी निर्यातक	9·13	किग्रा.	अम. डॉलर
2	2942.00	पीएचपीजी डेन सॉल्ट	सभी श्रेणियां	कोई भी देश	सिंगापुर	कोई भी उत्पादक	कोई भी निर्यातक	9·13	किग्रा.	अम. डॉलर

111. इस प्रयोजनार्थ आयातों का पहुंच मूल्य मूल्यांकन करने योग्य मूल्य होगा जैसा कि सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के तहत सीमाशुल्क अधिकारियों द्वारा निर्धारित किया गया था और सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1967 की धारा 3, 3(क), 8(ख), 9 तथा 9(क) के तहत लगाए गए शुल्क को छोड़कर सभी सीमा-शुल्क होंगे ।

112. केंद्र सरकार के आदेश के विरूद्ध कोई अपील उपर्युक्त नियम के अनुसार सीमा-शुल्क, उत्पाद शुल्क तथा सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी ।

क्रिस्टी एल. फेर्नान्डेज, अपर सचिव एवं निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF ANTI-DUMPING AND ALLIED DUTIES)

NOTIFICATION

New Delhi, the 18th August, 2006

Subject : Mid-term Anti-dumping review investigations in the matter relating to imports of D (–) Para Hydroxy Phenyl Glycine Methyl Potassium Dane Salt (PHPG Dane Salt) from Singapore: Final Findings

A. BACKGROUND OF THE CASE :

No. 15/13/2005-DGAD.— Whereas, having regard to the Customs Tariff Act, 1975, as amended in 1995 and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Duty or Additional Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995 (hereinafter referred to as the Rules), vide Notification No. 14/23/2002-DGAD dated 24th June, 2003 the Designated Authority (hereinafter referred to as the Authority) notified its final findings recommending definitive anti-dumping duty on import of D (–) Para Hydroxy Phenyl Glycine Methyl Potassium Dane Salt (PHPG Dane Salt) (hereinafter also referred to as subject goods) originating in or exported from China PR and Singapore. The provisional findings was issued on 1st October, 2002, and provisional anti- dumping duty was issued on 11th November, 2002 vide customs notification 124/2002.

And, whereas, definitive anti-dumping duty was imposed on the subject goods vide Customs Notification No. 117/2003-Customs dated 24th July, 2003.

2. Whereas, the Rules require the Authority to review, from time to time, the need for continued imposition of Anti-dumping Duty and if it is satisfied, on the basis of positive information received by it that there is no justification for continued imposition of such duty, the authority may recommend to the Central Government for its withdrawal. Notwithstanding, the above provision, the authority is required to review, on the basis of positive information submitted by any interested

party substantiating the need for a review, provided that a reasonable period of time has elapsed since the imposition of the definitive anti-dumping duty, whether continued imposition of the duty is necessary to offset dumping, whether the injury would be likely to continue or recur if the duty were removed or varied, or both.

In terms of the above provision, the producer and exporter M/s Kaneka Singapore Corporation, Singapore (KSC) filed a request for a changed circumstances mid-term review of the anti-dumping duty in force.

3. The producer and exporter of subject goods from Singapore M/s KSC, Singapore has listed the following grounds for changed circumstances review.

- The export price of KSC to India has significantly reduced.
- The Customs duty has been reduced from 35% to 20%.
- The dumping Margin has significantly declined and thus benchmark fixed in the original investigation should be reduced accordingly.
- The Cost of production has significantly declined in view of significant reduction in raw material price leading to reduction in the Normal value.
- The profits realized by the company have significantly declined which would be a tantamount to a decline in Normal value.

4. Having regard to the positive information provided by the applicant indicating the changed circumstances necessitating a review of the measure in force, the Designated Authority considered that a mid-term review of the Anti-dumping Duty is appropriate in view of the changed circumstances, in terms of the provision of Rule 23 supra. Having decided to review the final findings notified vide Notification No.14/23/2002-DGAD dt. 24.06.2003, the Authority initiated the investigations in terms of the Rules on 3rd October 2006, to review whether continued imposition of the duty on imports of PHPG Dane Salt originating in or exported from the Singapore (also referred to as subject country) is necessary to offset dumping, whether the injury would be likely to continue or recur if the duty were removed or varied, or both.

B. **PROCEDURE:**

5. The procedure described below has been followed with regard to this investigation:

i) After initiation of the review the Authority sent questionnaires, along with the initiation notification, to exporters/producers in the subject country, and domestic industry in India in accordance with the Rule 6(4), to elicit relevant information;

ii) The Embassy of the subject country in New Delhi was informed about the initiation of the investigation, in accordance with Rule 6(2), with a request to advise the exporters/producers in their respective countries to respond to the questionnaire within the prescribed time.

iii) Questionnaires were sent to known importers and consumers of subject goods in India calling for necessary information in accordance with Rule 6(4).

iv) Investigation was carried out for the period starting from 01.04.2004 to 31.03.2005 (POI). However, injury examination was conducted for a period from 2002 to the end of POI.

v) Request was made to the Directorate General of Commercial Intelligence and Statistics (DGCI&S) to arrange details of imports of subject goods for the past three years, and the period of investigations;. However, the DGCIS report has not been relied upon in this investigations as it was seen that exports quantity submitted by exporter are much higher in terms of quantity.

vi) No response to the initiation notification was received from any other exporter except M/s Kaneka Singapore Corporation (KSC) and M/s Kaneka Japan, Japan (KNK). None of the interested parties except domestic industry have submitted response, in any manner, to the initiation notification subsequent stages of the investigations.

vii) The Authority has considered all views expressed and submissions made by various interested parties to the extent they are relevant for the present investigation.

viii) The Authority made available non-confidential version of the evidence presented by various interested parties in the form of a public file kept open for inspection by the interested parties;

ix) The Authority examined the information furnished by the domestic industry to the extent possible examine the injury suffered by them.

x) The Authority also verified the data of the cooperating exporter and applicant for the subject review, to determine the normal value and dumping margin as per the Rules. Following verification, a copy of the verification report was sent to the exporters for their comments and the comments received have been incorporated in the final findings. A copy of the Non-confidential verification report was also placed in the public file for the information of all other interested parties.

